## एक नजर

### सड़क पर बर्थ-डे मनाया,4 गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई में निगरानी बदमाशों ने बीच सड़क अपनी लग्जरी गाड़ी खड़ी कर बर्थ डे सेलिब्रेट किया दबंगई दिखाते हुए बॉस नाम का केक सड़क पर आने-जाने वाली गाड़ियों को रोककर काटा जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि आधी रात सड़क जाम कर काटा केक रात लगभग 12.30 बजे एक सफेद रंग की फार्चुनर कार क्रमांक-सीजी-12 ए.क्यु 3600 में शुभम यादव, नीरज नेपाली, सत्यम यादव, जितेश यादव और रवि यादव एवं उसके साथी ने आम सड़क पर वाहन खड़ी किया आम रास्ते को अवरुद्ध करते हुए केक काटकर आम सड़क पर जन्मदिन मनाया आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार वैशाली नगर थाने में आरोपी अपराध क्रमांक-338/2025 धारा 126(2), 190, 3(5) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल आरोपीगणों को पकड़कर थाना लाया गया। जिनसे अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आम सड़क पर वाहन खड़ी कर मार्ग अवरूद्ध कर केक काटने एवं जन्मदिन मानकर आम रास्ता अवरुद्ध करने वाले आरोपीशुभम यादव पिता लालजी यादव ( 32 साल) निवासी कैम्प-1 संग्राम चैक भिलाई, सोहन मेश्राम पिता स्व0 सरजू मेश्राम (35 साल) निवासी कैम्प-1 18 नंबर रोड़ स्टील नगर भिलाई, रवि पिता राजू प्रसाद ( 26 साल) निवासी कैम्प-1 आजाद मोहल्ला शितला मंदिर के पास थाना वैशाली नगर, निरज कुमार सिंह पिता स्व. कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी कैम्प-1 18 नंबर रोड़ थाना वैशाली नगर के विरूद्ध कार्रवाई किया गया वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई चारों आरोपियों के आदतन अपराधिक कृत्यों को देखते हुए पृथक से 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया

### गांजा तस्करी करने वाले 4 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई गांजा की तस्करी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि उतई पुलिस को मुखबिर की सूचना पर ग्राम डुण्डेरा मोरिद रोड गार्डन में दो युवक बाइक सीजी 07 एल 4595 में सवार होकर अवैध गांजा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर युवको ने अपना नाम ग्राम डुण्डेरा निवासी सिद्धार्थ मेश्राम, यंशु वर्मा बताया है बाइक की तलाशी लिये जाने पर पर वाहन के डिक्की से गांजा बरामद किया गया गांजा 1 किलो 408 ग्राम, मोबाईल फोन, बाइक जब्त किया गया पदार्थ गांजा को ग्राम मटिया से विजयकांत वर्मा गांजा को लाया था आरोपी विजयकांत वर्मा को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि गांजा को ग्राम बठैना निवासी संजीव वर्मा से खरीदा था जब्त सामानों में बाइक 40 हजार, गांजा 13 हजार और 13 मोबाइल 35 हजार रुपए का आंका गया है चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### हत्या के मामले आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई घर के मामूली विवाद को लेकर बहु ने अपनी दादी सास की हत्या कर दी है। खबर लगने पर पुलिस ने बहु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि ग्राम गोढ़ी निवासी उर्मिला वर्मा और बहू रोशनी वर्मा घटना के समय घर पर थे घर के अन्य सदस्य काम पर गए हुए थे पड़ोसी ने फोन कर पीड़ित सुरेन्द्र वर्मा को घटना की सूचना दी परेशान होकर तुरंत सुरेन्द्र घर पहुंचा तो उसकी मां बेडरूम में खून से सनी पड़ी थी, उसके सिर में गंभीर चोट था सूचना पर नंदिनी थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर रोशनी वर्मा को पकड़ा पूछताछ करने पर बहु ने बताया कि दादी सास उर्मिला के व्दारा उसे खाना बनाने के नाम पर ताना कसती थी इसी को लेकर विवाद हुआ आकोश में आकर बेडरूम में रखे लोहे के हथौड़े से दादी सास उर्मिला के सिर में वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई निशानदेही पर लोहे का हथौड़ा पुलिस ने जब्त किया।

### नगर पंचायत भखारा में अध्यक्ष, सीएमओ एवं पार्षदों ने कर्मचारियों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

**अंवरी।** नगर पंचायत परिसर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ, पार्षदगण सहित सभी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों ने एक साथ दीप जलाकर खुशियां साझा कीं। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# इंदिरा मार्केट में हत्या के मामले में नाबालिग गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई इंदिरा मार्केट में हुई हत्या के मामले में 15 साल के नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर से जलाई गए शर्ट की राख को जब्त किया और आरोपी को हत्या के प्रकरण में जेल भेज दिया है दुर्ग सीएसपी भारती मरकाम ने बताया कि नौ अक्टूबर को इंदिरा मार्केट में नरेश ठाकुर की हत्या ( 15 साल ) एक नाबालिग ने की घटना स्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया उसे न्यायिक रिमांड बाल संप्रेषण गृह भेजा गया जानिए क्या है घटना नौ अक्टूबर रात करीब 11.30 बजे शिवपारा निवासी नरेश ठाकुर (32 साल ) नशे में इंदिरा मार्केट में खड़ा था इसी दौरान 15 वर्षीय नाबालिग बीड़ी फूंकते जा रहा था। नरेश ने उसे रोककर बीड़ी मांगी नाबालिग ने उसे एक ही बीड़ी होना बताया इस पर नरेश उस पर बरस पड़ा और उसे गाली देते हुए दो तीन थप्पड़ जड़ दिए दुर्ग सीएसपी ने बताया कि नावालिग को उसकी गाली नागवार गुजरी नरेश उसे थप्पड़ जड़ने के बाद नशे की हालत में फुटपाथ पर लेट गया, लेकिन नाबालिग उसे देखता खड़ा रहा। वह इतना आक्रोशित हो गया कि उसे मारने की रणनीति बनाने लगा। जैसे ही नरेश को नींद लगी, नाबालिग ने पास में रखे पत्थर को उठाया और उसके चेहरे पर पटक दिया। इसके बाद मौके से भाग गया नरेश के चेहरे पर गंभीर चोट आई अत्यधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई थी घटना के दूसरे दिन दोस्त को बताया बताया कि नाबालिग ने हत्या करना स्वीकार लिया है उसने बताया कि जब वह घर पहुंचा तो देखा कि उसकी शर्ट में खून के छीटे है घबराकर शर्ट को जला दिया दूसरे दिन घटना की जानकारी अपने दोस्त को दी दोस्त ने चुपचाप रहने की सलाह दी थी दी थी की राख को जब्त किया गया है।

### ताला तोड़कर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई महतेल होटल के पास छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी ग्राम कोटनी निवासी पंकज साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलगांव थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 62 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की पुलगांव



प्रभारी अनित अदानी ने बताया कि अंकिता भदोरिया के शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया ।संदेही कोटनी निवासी पंकज साहू को हिरासत में लिया बैंक पहुंचा पहले शटर का ताला तोड़ा फिर चैनल गेट का ताला तोड़ा फिर बैंक के अंदर घुसा ।

# बजरंगपारा गौरी-गौरा कार्यक्रम में सम्मलित हुए रेखराम बंछोर



**जामुल, 18 अक्टूबर।** जामुल के वार्ड 6 बजरंग पारा में गौरी गौरा पर्व के शुभारंभ में रेखराम बंछोर ने उपस्तिथ होकर सभी श्रद्धालुओं और आयोजन समिति को शुभकामनाए और बधाई प्रेषित किया साथ ही गौरा गौरी पर्व को हमारी संस्कृति और परम्परा का हृदय बताया। इस बीच मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष हरीश वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सिंह, गुलाब निषाद, वीरेंद्र निषाद, सुदामा, अमन, किशन निषाद, देवलाल साहू, राहूल, बाबूलाल , नारायण , अरुण ठाकुर, होरीलाल, जीवन साहू, अनुज यादव, हेमलाल

# आयुक्त ने कल्याण कालेज ग्राउंड में इंडोर स्टेडियम बनाने के दिए निर्देश



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 05 अंतर्गत सेक्टर 07 छठ तालाब, कल्याण कालेज ग्राउण्ड, सड़क 09 उद्यान, जयंती स्टेडियम के पीछे तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा सेक्टर 07 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। छठ त्यौहार हेतु तालाब की साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और कार्य की प्रशंसा किए। सेक्टर 07 कल्याण कालेज ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया । ग्राउण्ड के भीतर इंडोर स्टेडियम का प्रस्ताव तैयार करने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए हैं। समीपस्थ सड़क 09 स्थित उद्यान की साफ-सफाई का अवलोकन किया गया, उद्यान के भीतर का फव्वारा बंद पड़ा है, जिसका संधारण कर चालू करने निर्देशित किया गया है। छठ को दृष्टिगत करते हुए जयंती स्टेडियम के पीछे बने तालाब की सफाई जल्द से जल्द कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किए है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# लव मैरिज के बाद हुए विवाद में लड़के पक्ष वालों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी





**दुर्ग, 18 अक्टूबर।** दुर्ग के डिपरा पारा में कुछ लोगों ने मिलकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। डिपरा पारा निवासी मृतक नीरज ठाकुर पिता विजय ठाकुर ( 24 साल ) जिला अस्पताल में गार्ड की नौकरी करता था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष के लोग बड़ी संख्या में थाना पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिए। यह घटना एक लव मैरिज के बाद उपजे विवाद पर दो पक्षों में भिड़ंत से हुई घटना दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है रात में माहौल बिगड़ता देख बड़ी संख्या में आधी रात पुलिस जवानों को मौके पर तैनात किया गया दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने कि डिपरा पारा के कुष्ठ बस्ती निवासी तिलक साहू और पूजा नाम की युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते घर से भागकर विवाह कर लिया। जिससे नाराज दोनों के घर वालों के बीच में बहस हुई लड़की की मां ने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया। इसी बीच युवती के मुंह बोले भाई नीरज ठाकुर और उसके दोस्तों की लड़के वाले पक्ष के साथ झड़प हो गई। इसी दौरान लड़के पक्ष के युवकों ने मिलकर युवती के मुंह बोले भाई नीरज ठाकुर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घायल युवक नीरज ठाकुर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नीरज की हत्या करने वाले एक नाबालिग सहित चार संदेहियों को हिरासत में ले लिया गया है। स्थिति तनावपूर्ण देखकर रात में ही अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती घटनास्थल के आसपास कर दी गई थी। ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है

# शिक्षा गुणवत्ता अभियान चला स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही

**दुर्ग, 18 अक्टूबर।** जिले में शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत् विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द मिश्रा ने अवगत कराया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शिक्षा गुणवत्ता पर दिये गये निर्देश तथा उक्त संबंध में शासन/उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार कक्षा 05वीं, 08 वी एवं 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु जिले अंतर्गत विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों के मध्य विकास खण्डवार तथा विकास खण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयकों के मध्य सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

जिसके तहत जिले में, जिले एवं विकास खण्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग जारी है। निरीक्षण के दौरान विलम्ब से शाला आने अथवा समय पूर्व शाला से जाने वाले शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उन्हें शाला समय व अनुशासन का ध्यान रखने तथा शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि यह संदेश अन्य शिक्षकों तक पहुंचे और वे शाला समय तथा शिक्षा गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करें। इसके विपरीत, शासकीय प्राथमिक शाला आलबरस के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वहां पदस्थ सहायक शिक्षक श्री विनोद कुमार साहू द्वारा शाला समय से एक घंटा पूर्व बच्चों को शाला बुलाया जाकर नवोदय परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। इसी प्रकार, इसी संस्था की सहायक शिक्षक सुश्री रेखा ठाकुर द्वारा भी समय पूर्व बच्चों को शाला बुलाकर परीक्षा की तैयारी कराते पाये जाने पर, उन कर्मचारियों द्वारा छात्र हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई, ताकि भविष्य में अन्य शिक्षक गण उनका अनुसरण कर सकें। भविष्य में छात्र-छात्राओं के प्रति समर्पित ऐसे कर्मचारियों की सराहना अवश्य संभावित है। यह कार्य केवल छात्र-छात्राओं के हितार्थ सतत जारी रखा जायेगा। अतः शिक्षकों की गैरहाजिरी तथा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए की जा रही कार्यवाही के विषय में प्रकाशित खबर भ्रामक है। समाचार में उल्लेखित शिक्षकों की 'ज्यादातर गैरहाजिरी' का तथ्य पूर्ण रूप से सही नहीं है।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 28 अक्टूबर को होगा प्लेसमेंट कैंप

**बालोद, 18 अक्टूबर ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 02 नियोजकों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई दुर्ग के अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है।

## समाचार संक्षेप

### कार्यशाला में ग्रीन दीपावली मनाने का संकल्प लिया



**दुर्ग, 18 अक्टूबर ।** उच्चतम न्यायालय एवं माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने के समय-समय पर दिशानिर्देश दिए जाते रहे हैं, जिससे प्रेरित होकर 16 अक्टूबर 2025 को जिला न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व पैरालीगल वॉलेंटियर्स हेतु ''ग्रीन दीपावली मनाएं-प्रदूषण मुक्त दीप जलाएं'' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने ग्रीन दीपावली मनाने का संकल्प लिया। कार्यशाला का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन और ग्रीन दीपावली के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।उक्त कार्यशाला में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री थॉमस एक्का तथा जिला न्यायालय के उच्च न्यायिक सेवा अधिकारी श्री प्रशांत पाराशर के द्वारा दीपावली में तेज आवाज वाले फटाखों तथा धुएं से होने वाले ध्वनि तथा वायु प्रदूषण से पशु, पक्षियों, बचों एवं वरिष्ठजनों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए ग्रीन दीपावली मनाए जाने हेतु प्रेरित किया। उनके द्वारा यह भी विदित किया गया कि दीपावली के दौरान फोड़े जाने वाले फटाखों के धुएं से पी.एम. 2.5 (गंभीर वायु प्रदूषक) का स्तर दस गुना तक बढ़ जाता है।

### बैठक में कलेक्टर-एसपी ने यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर दिए कड़े निर्देश

**जांजगीर-चांपा, 18 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिसके तारतम्य में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कश्यप, श्री उदयन बेहार, जिला परिवहन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड, गति अवरोधक, ट्री रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने हाईवे पर मौजूद गौठानों का चिन्हांकन कर आवारा मवेशियों को नियत स्थानों में रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं या जहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा की जानकारी देने के लिए और जागरूकता कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी क्लब बनाया जाएगा।कलेक्टर ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने और आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय अपनाने की बात कही। उन्होंने हाईवे पर स्थित उन ढाबों पर विशेष निगरानी रखने को कहा, जहां ट्रक सड़कों पर खड़े रहते हैं या मादक पदार्थों का सेवन कराया जाता है। ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर नोटिस जारी करने और उन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

# खाद्य विभाग ने प्रतिष्ठानों में की खाद्य पदार्थों की जांच

**दुर्ग, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री अभिजित सिंह के निर्देशन में त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के होटल, ढाबा, किराना, डेयरी, मिठाई शॉप ईत्यादि प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ताओं से आटा, मैदा, फलाहारी नमकीन, सिंघाड़ा, आटा, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, साबूदाना, घी, सूजी, बेसन, खाद्य तेल बेकरी उत्पाद व दुध व दुध से बने मिठाईयों का नमूना लिया गया।

मेसर्स ठाकुर रेस्टोरेन्ट एण्ड स्वीट्स से आलू मसाला, समोसा व सांभर खुला, मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स गंजपारा दुर्ग से वरलक्ष्मी साबूदाना, मेसर्स कुणाल बेवरेजेस गंजपारा दुर्ग से मिडनाईट पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर, मेसर्स जय भोले किराना स्टोर्स, सुराना कॉलेज से कान्हा श्याम सुजी, विशाल मेगा मार्ट से प्यूर बस्ट काउ घी, ड्राई फ्रूट बेसन लड्डू, फस्ट क्रॉप बेसन, आलू भुजिया का नमूना लिया गया। इसी क्रम में मेसर्स शिवम सुपर बाजार बोरसी से भेग मैदा, रिफाईन्ड वीट फ्लोर, बेसन खुला, शुभकामना रिफाईड राईस ब्रान ऑयल, मेसर्स एकादशी ट्रेडर्स से सोना सिल्क बेसन, विद्याश्री गोल्ड चक्की फ्रेश आटा, एबीस गोल्ड रिफाईंड सोयाबीन ऑयल, रूची नं 01 वनस्पति, मेसर्स टपरी स्वाद भरपेट, पुलगांव से द ओवन चोको चिप्स कुकीस, मिनी पेड़ा के नमूना मेसर्स माया बास्केट सिकोलाभांठा से जायका सिंघाड़ा पाउडर, मेसर्स गोपाल सेल्स गया नगर दुर्ग से फल्हारी चिवड़ा, मेसर्स सरिता किचन एवं आईसक्रीम गया नगर दुर्ग से पेक्ड ड्रिंकिंग वाटर, मेसर्स शुभ सेल्स से ब्रिटानिया गाय का घी, पारख सुपर बाजार रिसाली से मैदा, बेसन, आटा, मेसर्स मैत्री सुपर बाजार से डालडा राईस ब्रान तेल, मेसर्स मौर्य स्वीट्स से कुंदा, मेसर्स ए.एन.जे बेकर्स नया पारा से हेजलनट केक के नमूनों सहित कुल 70 नमूना खाद्य पदार्थों को संकलित कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्ति उपरांत नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी। जांच के दौरान मेसर्स मिलाई सुपर बेकरी महराज्य चौक व मिलाई सुपर बेकरी पदमनाभपुर दुर्ग द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री वीर सागर पटेल द्वारा दुकानदारों पर 25-25 हजार कुल 50 हजार रूपये एवं मिथ्याचार अवमानक तथा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण न कराने वाले प्रकरण में क्वालिटी मसाला धमधा को माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोनित किया गया है। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन से त्यौहारी सिजन का ध्यान में रखते हुए कुल 495 खाद्य नमूने जांच किये गये जिसमे 459 मानक 35 अवमानक 08 मिथ्याछाप व असुरक्षित पाये गये। अवमानक, मिथ्याछाप व असुरक्षित पाये गये खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्टीकरण किया गया।

# बिलासपुर जिला 38687 पीएम आवास बनाकर प्रदेश में अव्वल




**रायपुर, 18 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन में बिलासपुर जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024-25 में जिले ने 33 हजार 687 आवास पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण है, बल्कि हजारों परिवारों के जीवन में आई स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान की प्रतीक भी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 55 हजार 991 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया, जो 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति दर्शाता है। वहीं, वर्ष 2024-25 में 33 हजार से अधिक मकान पूर्ण कर जिले ने मिशन मोड में कार्य करते हुए नई मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में यह योजना प्रभावी रूप से लागू हुई है। नियमित फील्ड विजिट, समयबद्ध वित्तीय सहायता और हितग्राहियों के साथ निरंतर संवाद के परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय प्रगति संभव हुई है। प्रशासन की प्राथमिकता रही है कि पात्र परिवारों तक योजना का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचे। टीमवर्क और ग्रामीणों के सहयोग से ही यह संभव हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान निर्माण की योजना नहीं है, बल्कि यह हर ग्रामीण परिवार को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास है। बिलासपुर जिला इसी दिशा में सतत प्रगति कर रहा है।

### गरीब परिवारों में जगी आत्मविश्वास की नई किरण

वर्ष 2024-25 के लिए जिले को कुल 66 हजार 510 आवासों का लक्ष्य मिला, जिनमें से 58 हजार 977 आवासों को स्वीकृति दी गई। निर्माण कार्य की गति बनाए रखने हेतु सरकार द्वारा तीन किश्तों में वित्तीय सहायता प्रदान की गई। पहली किश्त में 57 हजार 565 हितग्राहियों को, दूसरी किश्त में 47 हजार 861 हितग्राहियों को और तीसरी किश्त में 27 हजार 447 हितग्राहियों को सहायता दी गई। समय पर राशि जारी होने से निर्माण कार्यों में तेजी आई और जिले ने तय समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने ग्रामीण अंचलों के गरीब परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास की नई किरण जगाई है। पक्के घरों के निर्माण से बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल मिला, बुजुर्गों को विपरीत मौसम में भी सुरक्षा मिली और महिलाओं को घर-परिवार के संचालन में सुविधा हुई।

यह योजना अब केवल आवास निर्माण कार्यक्रम नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण भारत के सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। शासन द्वारा प्रारंभ किया गया ÷मोर आवास, मोर अधिकार÷ पोर्टल हितग्राहियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इसके माध्यम से कोई भी पात्र व्यक्ति अपने आवेदन की स्थिति और पात्रता की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है, जिससे योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हितग्राहियों को कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। प्रथम किश्त में 40 हजार, द्वितीय किश्त में 55 हजार और तृतीय किश्त में 25 हजार रुपये की राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य है कि कोई भी ग्रामीण परिवार बेघर न रहे और प्रत्येक पात्र हितग्राही को सुरक्षित, टिकाऊ और सम्मानजनक आवास प्राप्त हो सके।

एक नजर

### अवैध विज्ञापन हटाने आयुक्त ने नोटिस जारी कर 10 हजार जुर्माना किया

**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर, तालाबो के बाउण्ड्रीवाल में बिना अनुमति के लगे विज्ञापनो पर नगर निगम द्वारा समय समय पर नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाती है। इसी कडी में बुढ़ासागर, रानीसागर के बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य स्थलो में किये गये अवैध विज्ञापन पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने संबंधितो को नोटिस जारी कर 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शहर के 11 विज्ञापन कर्ता जिन्होंने अपनी सस्था का प्रचार प्रसार के लिए बुढ़ासागर एवं रानीसागर के बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य स्थलो में विज्ञापन प्रदर्शित किया है, उन्हें नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि विज्ञापनकर्ता द्वारा अवैध रूप से विज्ञापन प्रकाशन कर शासकीय सम्पत्ति का विरूपण किया गया है, जो कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 335 एवं सम्पत्ति विरूपण का स्पष्ट उल्लंघन है। नोटिस में कहा गया है कि उपरोक्त सभी विज्ञापन कर्ता नोटिस प्राप्ति के 1 दिवस के अंदर उपरोक्त स्थलो में अवैध रूप से किये गये विज्ञापन प्रकाशन को हटा लेवे, साथ ही शासकीय संपत्ति को विकृत किये जाने के कारण संबंधित पर 10 हजार रूपये अर्थदण्ड आरोपित कर तत्काल निगम कोष में जमा करने कहा गया है। इसके अलावा उन्हें हिदाईत दी गयी है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जावेगी। जिससे उत्पन्न क्षति तथा हर्जे-खर्चे की सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी। आयुक्त ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा है कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे।

### अवैध धान विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए जिले में स्थापित किए गए चेकपोस्ट

**धमतरी, 18 अक्टूबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश सहित धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया 15 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होकर 31 जनवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। पिछले वर्षों के अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए, सीमावर्ती राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक तथा पंजीकृत किसानों के नाम पर धान की बिक्री जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने विशेष निगरानी व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले में चार प्रमुख स्थानोंकृ बोराई, बनरौद, सांकरा और बांसपानी में चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चेकपोस्टों में चौकसी बढ़ाई जाए तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन या विक्रय में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में किसानों के पंजीयन, रकबा सत्यापन एवं टोकन वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनेगी 200 सीटर क्षमता वाली अत्याधुनिक लर्निंग सेंटर डिजिटल सुविधायुक्त नई लाइब्रेरी'

**धमतरी, 18 अक्टूबर।** धमतरी शहर के सबसे बड़े शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ( पी .जी. कॉलेज) में अब विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक अत्याधुनिक, सुसज्जित और डिजिटल सुविधा युक्त नई लाइब्रेरी की सौगात मिलने जा रही है। यह लाइब्रेरी 112 सीट क्षमता वाली होगी, साथ ही 88 सीट क्षमता वाली डिजिटल लाइब्रेरी भी इसमें स्थापित की जाएगी। इस नई लाइब्रेरी का निर्माण लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों के लिए हर आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। धमतरी शहर के बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वयं के फंड से निर्माण किया जाएगा। जिसका जनभागीदारी समिति की बैठक में मंजूरी दी है। कुल 653.12 वर्ग मी. में लाइब्रेरी का निर्माण होगा। भूतल पर प्लंथ एरिया - 452.16 वर्ग मीटर और प्रथम तल एरिया 200.96 वर्ग मीटर में लाइब्रेरी का निर्माण होगा। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौपा गया है ।

# समर्पण, अनुशासन और समय प्रबंधन से मिलती है सफलता: राज्यपाल



**रायपुर,18 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका कोटा स्थित डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 195 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 189 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित दीक्षांत स्मारिका सहित अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए सफलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्री डेका ने कहा कि भाषा ज्ञान का माध्यम है, बाधा नहीं। केवल अंग्रेजी जानने से कोई ज्ञानी नहीं बन जाता। भाषा ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम हो सकता है, लेकिन यह बाधा कभी नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा में सच्चा ज्ञान तभी प्राप्त होता है जब हम उसमें मन, मस्तिष्क और व्यवहार से जुड़ते हैं। राज्यपाल ने दीक्षांत को सिर्फ एक समापन नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत करार दिया।

कार्यक्रम में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, डॉ. सीव्ही रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी, आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश, आइसेक्ट समूह के सचिव डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री डेका ने सफलता के तीन मुख्य स्तंभों दृढ़ता, कड़ी मेहनत और अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि यही वे गुण हैं जो किसी भी व्यक्ति को लक्ष्य तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और समाज के प्रति आभार प्रकट करने की सीख दी। जितनी भी सफलता आप जीवन में प्राप्त करें, अपने माता-पिता और मूल्यों को कभी न भूलें। समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है अब हमें सोचना है कि हमने समाज को क्या दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का प्रभावी प्रबंधन करने का सुझाव देते हुए कहा कि आपके पास आज समय और स्थान दोनों हैं कि इनका सदुपयोग करें, क्योंकि यही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच आपसी संवाद, विश्वास और प्रेरणा का रिश्ता होना चाहिए। शिक्षा समावेशी होनी चाहिए और सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती।

## मुख्यमंत्री सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस में हुए शामिल

# 90 करोड़ रुपये के 26 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आयोजित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के 13वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 90 करोड़ रुपये की लागत से 26 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में 50-50 लाख रुपये की लागत से एक-एक सामुदायिक भवन के निर्माण तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में ओबीसी विद्यार्थियों की सीटों में वृद्धि करने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी भी उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के विकास और हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिसके लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि बस्तर के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि शासन की नीतियों और रीति-नीति से प्रभावित होकर जगदलपुर में आज 210 भटके हुए लोग मुख्यधारा में लौटे हैं तथा उन्होंने 153 हथियार भी जमा किए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूर्ण करने के लिए प्रदेश सरकार पिछले 22 महीनों से समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदे के अनुरूप तेंदूपत्ता खरीदी की कीमत में वृद्धि की, 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा, रामलला दर्शन योजना लागू की तथा मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना को पुनः प्रारंभ किया। इसके अतिरिक्त भी अनेक जनहितकारी और महत्वाकांक्षी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए समाजजनों से शासन की योजनाओं से जुड़कर विकास में सहभागी बनने की अपील की।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समाजजनों को बधाई देते हुए समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त करने का आह्वान किया। वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज मेहनतकश और कर्मठ है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बेहतर ढंग से शिक्षित करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने जिले में संचालित 'मावा मोदोल कोचिंग संस्थान' की सराहना करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सर्व पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के दौरान कुल 90 करोड़ 06 लाख 88 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 56 करोड़ 51 लाख 40 हजार रुपये की लागत से 14 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 33 करोड़ 55 लाख 48 हजार रुपये की लागत से 12 निर्माण कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित है।कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने ओबीसी वर्ग के तीन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेंडी, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

### दीपावली त्यौहार के दौरान शहर में की गई है ऐसी यातायात व्यवस्था



**बलौदाबाजार 18 अक्टूबर।** दीपावली त्यौहार के मददेनजर बलौदाबाजार शहर में सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में आवश्यक चर्चा किया गया है, जिसमें दीपावली त्यौहार के दौरान शहर में निम्न यातायात व्यवस्था लगायी जा रही है 01 नो व्हीकल जोन- दीपावली एवं धनतेरस त्यौहार के दौरान शहर में सदर बाजार एवं लटुवा चौक ,नेहरू चौक, क्षेत्र में बड़ी एवं चारपहियां वाहनो को प्रतिबंधित किया गया है, जिसमें दो जोन बनाये गये है जिसमे सिर्फ02 पहिया/ मोटरसाइकिल वाहनों का प्रवेश रहेगा रात्रि 10:00 बजें से सुबह 06:00 बजें तक सदर बाजार, सराफा बाजार क्षेत्र में मालवाहक गाडियां , लोडिंग/अनलोडिंग की गाड़ियां प्रवेश करेगी, इसके अतिरिक्त सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक मालवाहक गाडियां बाजार एरिया में प्रतिबंधित है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के प्रयास से नगरी ब्लॉक के मशानडबरा बना छत्तीसगढ़ का माडल जन-मन आवास

**नगरी 18 अक्टूबर।** धमतरी एक बार फिर राष्ट्रीय परिदृश्य पर अपनी अलग पहचान दर्ज कर गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए इस जिले को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना, न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की नई परिभाषा भी गढ़ता है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा को यह सम्मान प्राप्त हुआ जो जिले की टीम, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक बन गया है। धमतरी जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री जनमन योजना को कागज़ी खानापूर्ति से आगे बढ़ाकर एक जीवंत सामाजिक अभियान का रूप दे दिया। ग्राम स्तर तक योजनाओं की पहुँच, पात्र लाभार्थियों की पारदर्शी पहचान और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कार्य निष्पादन ये सभी प्रयास इस बात के गवाह हैं कि जब शासन की नीयत और जनता की सहभागिता एक साथ चलती है, तो परिवर्तन ठोस रूप लेता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भी हाल ही में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी मॉडल की विशेष सराहना करते हुए कहा था कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। यह प्रशंसा केवल शब्दों की औपचारिकता नहीं, बल्कि उस नये प्रशासनिक दृष्टिकोण की स्वीकारोक्ति है जो काम को जमीनी हकीकत से जोड़ता है। विशेष उल्लेखनीय पहल के रूप में, नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित गाँव मसानडबरा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए बन रही पक्की आवास कॉलोनी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के व्यक्तिगत प्रयासों और योगदान ने इसे एक मॉडल कॉलोनी का रूप दिया है भारत की दूसरी और छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी कॉलोनी जो विशेष रूप से कमार समुदाय के लिए निर्मित की जा रही है। अब तक योजना के तहत 1,481 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 982 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। हर ईंट, हर दीवार उस नयी कहानी की गवाही दे रही है जिसमें गांव, तकनीक, और नीति तीनों मिलकर विकास को धरातल पर उतार रहे हैं। धमतरी की यह उपलब्धि सिर्फएक पुरस्कार नहीं, बल्कि उस जनमन की जीत है जो हर नागरिक के मन में परिवर्तन की आकांक्षा जगाती है।

### मैथिली महिला मंडल की पत्रिका मैथिली ओजस्विता का विमोचन

**रायपुर 18 अक्टूबर।** मैथिल महिला मंडल रायपुर द्वारा प्रथम प्रकाशित पत्रिका मैथिली ओजस्विता का गरिमामय विमोचन समारोह एवं आनंद मेले का आयोजन विगत दिनों पुरानी बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर टूरी हटरी परिसर में बड़े उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे – पूर्व महापौर, सांसद एवं वर्तमान में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुनील सोनी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित कवि, साहित्यकार एवं लेखक श्री संजीव कुमार ठाकुर ने की।



### हीरा मोती वार्ड में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव, 18 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर आज वार्ड क्रमांक 39 हीरा मोती वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. रमन सिंह जी के सेवा ही संगठन÷ के संदेश को सार्थक करते हुए आयोजित किया गया। अभियान में वार्ड की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड 39 पार्षद श्री रवि सिन्हा, पारुल जैन, संजय चौरसिया, रितेश देवांगन, हिमांशु सोनवानी, राकेश ओटी, स्वच्छता दीदीगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित नागरिकों ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता ही सेवा है और अपने वार्ड को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पार्षद श्री रवि सिन्हा ने कहा कि डॉ. रमन सिंह जी ने हमेशा सेवा और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। हम उनके जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से उनके जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम का समापन 'स्वच्छ भारत, सुंदर भारत' के नारे के साथ हुआ।

# आयुष्मान और वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए घर- घर तक पहुंच रही टीम

**बलोदाबाजार,18 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान और वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है।टीमें घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क कर रही हैं तथा उनसे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आदि लेकर ऑन द स्पॉट पंजीयन किया जा रहा है। यह अभियान उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच नहीं बना पाते। जिले में शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना और वय वंदना योजना के तहत घर-घर जाकर पंजीयन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकृत अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा पात्र नागरिकों को उनके आयुष्मान और वय वंदना कार्ड के माध्यम से प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे सर्वे टीम के साथ सहयोग करें और समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं ताकि किसी भी पात्र नागरिक को इस योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।



# इस दिवाली वार्डो में 600 नई लाइटें लगाई गई

**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** इस दिवाली वार्डो में पर्याप्त रोशनी एवं कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहाँ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे नागरिकों को रात में आने जाने के साथ साथ सुरक्षा की दृष्टि से डर बना रहता था, वहा नगर निगम द्वारा नई लाईट लगाने तथा विद्युत पोलो की खराब लाईटे बदलने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही लाईटो का मरम्मत भी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 600 नई एलएईडी लाईट लगाई गयी है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा व वार्डो में पर्याप्त रोशनी को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली में वार्डो में पर्याप्त रोशनी को ध्यान में रख वार्डो की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहाँ पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहाँ पर लाईट की आवश्यकता थी, वहाँ लाईट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 51 वार्डो में लगभग 500 नई लाईट आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगायी गयी है, तथा जी.ई.रोड में लगाने की कार्यवाही की जा रही है, इस प्रकार लगभग 600 नई लाईटे लगाई गयी है तथा 675 खराब लाईटे मरम्मत की गयी है, शेष लाईटे मरम्मत भी की जा रही है।

इस संबंध में महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डो के विद्युत खम्बों में वार्डवासियों के लिये आवश्यकता अनुसार लाईट लगाई जाती है, समय समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। दीपावली त्योहार को देखते हुए वार्डो में एवं शहर के कुछ क्षेत्र जहाँ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे अंधेरा व्याप्त था, इनमें कई ऐसे क्षेत्र है जो दुर्घटनाजन्य क्षेत्र है जहाँ अंधेरा के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, जहाँ निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 51 वार्डो में 10-10 लाईट के हिसाब से 500 से अधिक लाईटे लगायी जा चुकी है एवं जी.ई.रोड में लगाने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे दीपावली त्यौहार में जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है वहाँ रोशनी से जगमगा उठे। महापौर श्री मधुसूदन यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है जिसके आधार पर पार्षदों से मांग प्राप्त हो रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट से लौटे छात्र कलेक्टर से मिले और अनुभव बताए

**बलौदाबाजार,18 अक्टूबर।** मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के प्रतिभावान छात्रों ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश और जिले का मान बढ़ाया है। 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में मनोविकास केन्द्र के 5 बच्चों ने योग प्रदर्शन किया। अंतर्राष्ट्रीय फेस्ट में हिस्सा लेकर वापस आने पर शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सोनी से छात्रों ने मुलाक़ात की और अपने अनुभव साझा किये। कलेक्टर श्री सोनी ने मनोविकास के छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनायें दी।



मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी आशा शुक्ला ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू,लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ था। फेस्ट में छात्रों के द्वारा लगभग 12 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर किया। इस फेस्ट में भाग लेकर छात्रों ने निःशक्तजनों के लिए हो रहे नवाचार के कार्यो को जाना। अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है।पर्पल फेस्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों के समावेशन, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव समाज में जागरूकता फैलाने, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समान अवसरों के साथ जीवन जीने का अधिकार हो।

## बौध्द समाज ने सीजेआई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की

# राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने सुधार की मांग की

**डोंगरगढ़ 18 अक्टूबर।** आदर्श बौद्ध महासभा एवं नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के तत्वाधान में बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर के नेतृत्व में समाज के अनुयायियों की उपस्थिति में स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने सर्वोच्च न्यायालय में 5 अक्टूबर को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी डोंगरगढ़ को महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार के नाम ज्ञापन भेज गया, सौंपकर 5 अक्टूबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा करते हुए न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने तथा आवश्यक संवैधानिक सुधारों की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई पर जूता फेंकने की घटना अत्यंत निंदनीय, असंवैधानिक और न्यायपालिका की पवित्रता पर सीधा आघात है। यह न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है।



बौद्ध समाज ने इस घटना को राष्ट्र की न्यायिक गरिमा पर हमला करार देते हुए मांग की है कि दोषी व्यक्ति पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ह्र्र्) के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति न्यायालय की मर्यादा भंग करने का दुस्साहस न कर सके।

ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे तत्व जो मनुस्मृति के नाम पर घृणा, जातिवाद और भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान के विरुद्ध अपमानजनक वक्तव्य दे रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि भारत का लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था गरिमा, विविधता एवं अनुशासन पर आधारित है। इसलिए न्यायपालिका और संविधान की प्रतिष्ठा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। ज्ञापन के अंत में समिति ने राष्ट्रपति से निवेदन किया कि इस घटना का संज्ञान लेकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और न्यायपालिका व संवैधानिक संस्थाओं में सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि संविधान की मूल भावना समानता, न्याय और बंधुत्व सुरक्षित रह सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से डॉ. सी. प्रमोद सिंह, डॉ मिलन टेंभुरकर अमिताभ दुफारे आनंद बंसोड़,सिद्धार्थ नागदेवे , मनीष बडोले, धीरसिंह सहारे, युवराज अम्बादे, निर्भयदास चोखान्द, दीपक साखरे, संदीप गजभिए, बादल वाल्दे, लालचंद खोबरागड़े, अनिल लांडगे, क्षितिज मेश्राम, पदमा मेश्राम, किरण मेश्राम, ललिता साखरे, माया सिगाड़े, रीना सहारे, प्रतिमा नारनवरे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं बौद्ध अनुयायियों ने अपने हस्ताक्षर कर समर्थन प्रदान किया।

## दूसरे सोच नहीं पाए, शाह ने करके दिखाया

संपादकीय

राजनीति में नेता तो बहुत होते हैं,बहुत नेता काम करने वाले भी होते हैं लेकिन ऐसे नेता बहुत कम होते हैं जो वह काम भी करके दिखा देते हैं जिसको दूसरे नेता असंभव मानते थे, यानी मानते थे ऐसा तो हो ही नहीं सकता, ऐसा तो कोई कर नहीं सकता। पीएम मोदी,अमित शाह व योगी आदित्यनाथ ऐसे ही नेता है। ये तीनों नेता ऐसा सोचते ही नही है कि कोई काम नहीं किया जा सकता। जो भी काम करना होता है, वह सोचते है, इस काम को किया जा सकता है, जब कोई यह सोच लेता है कि काम को करना ही है तो वह भी सोच लेता है कि इस काम को कैसे किया जा सकता है।उसके लिए योजना बनाता है।योजना पर गंभीरता से अमल किया जाता है।जब नेता किसी काम के प्रति गंभीर होता है तो उसकी पूरी टीम भी काम के प्रति गंभीर होती है और ऐसी टीम ही वह काम करके दिखाती है जिसे पहले असंभव माना जाता था। देश में एक से एक बड़े नेता मोदी के पहले हुए हैं लेकिन बहुत से काम जो मोदी ने किए वह भी कर सकते थे लेकिन वह नही कर सके। मोदी चाहे धारा-३७०हटाना हो,राममंदिर बनाना हो, तीन तलाक हो,नया संसद भवन बनाना हो, सबसे बड़ी पटेल की मूर्ति बनाना हो, सबसे बड़ा स्टेडियम बनाना हो, सबसे ऊंचा पुल बनाना हो, भारत मंडपम बनाना हो, जीएसटी लागू करना हो,वक्फ संशोधन कानून लागू करना हो। तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतना हो, मोदी ने सब करके दिखाया है। इसके बाद यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी ऐसे नेता है जो कहते हैं,वह करके दिखाते भी हैं।उन्होंने कहा माफिया को मिट्टी में मिला देंगे, माफिया को मिट्टी में मिलाकर दिखाया भी। कानून व्यवस्था को सुधार कर दिखाएंगे,सुधार कर दिखाया भी।कभी यूपी बीमारु राज्य माना जाता था आज यूपी को योगी ने तेजी से विकास करता हुआ राज्य हैं। यूपी में एक बार चुनाव जीतने के बाद दूसरी बार चुनाव जीतना मुश्किल माना जाता है, योगी ने यूपी में दूसरी बार चुनाव जीतकर दिखाया है। तीसरे नेता अमित शाह, वह भी जो काम उनको मोदी ने सौंपा, वह काम उन्होंने करके दिखा दिया है। मोदी ने उनको यूपी में भाजपा को जिताने का पहला काम सौंपा तो तब यूपी में अकेले दम पर भाजपा की जीत का कोई भाजपा नेता सपना नहीं देखता था।अमित शाह ने यह असंभव समझा जाने वाला काम करके दिखाया जिस यूपी में अकेले किसी दल की सरकार बनना मुश्किल माना जाता था। अमित शाह ने लंबे समय बाद यूपी में भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाकर दिखाया।क्योंकि तब सपा व बसपा मजबूत राजनीतिक दल थे और भाजपा व कांग्रेस तीसरे चौथे नंबर के राजनीतिक दल हुआ करते थे। यह अमित शाह का चमत्कार जैसा था। इसके बाद अमित शाह गृहमंत्री बने तो पहले आतंकवाद की समस्या का समाधान किया।उसके बाद उन्होंने देश से नक्सलवाद का सफाया करने का फैसला किया और छत्तीसगढ़ में साय सरकार बनने के बाद नक्सलियों के सफाए के लिए तारीख ३१ मार्च २०२६ पहले तय कर दी।उन्होंने खुद ही यह लक्ष्य पहले से तय कर दिया कि इस तारीख तक देश व बस्तर से नक्सली समस्या का समाधान कर देना है। अमित शाह के पहले किसी नेता ने नक्सलियों के सफाए की सोची नहीं, अमित शाह ने सोचा भी और योजना भी बनाई कि नक्सलियों का बस्तर से सफाया कैसे हो सकता है।उस पर गंभीरता से अमल भी करवाया। अमित शाह एक बात सबसे पहले समझने मे सफल रहे कि नक्सलियों का सफाया करना है तो बस्तर में सुरक्षा बलों के जवानो की संख्या नक्सलियों से ज्यादा होनी चाहिए। तब ही सुरक्षा बल नक्सलियों का मुकाबला कर पाएंगे,उनको घेर कर मार पाएंगे। पहले नक्सली सुरक्षा बलों को घेरकर मारते थे,अमित शाह की योजना का परिणाम था कि अब सुरक्षा बल नक्सलियों को घेरकर मारने लगे। बड़े से बड़े नेता को इसी तरह मारा गया। इससे नक्सलियों में पहली बार मारे जाने का खौफ पैदा हुआ और इसी वजह से नक्सलियो में सरेंडर करने की लहर पैदा हुई और कभी सौ तो कभी दो सौ से ज्यादा नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नक्सलियों के सरेंडर व सफाए मे साय सरकार की भी बड़ी भूमिका रही है, साय सरकार जानती थी कि नक्सलियों के सफाए के लिए मारने से ज्यादा जरूरी सरेंडर करवाना है, इसके लिए साय सरकार ने नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर योजना बनाई। इसके बाद दो टूक कह दिया गया कि कोई शांति वार्ता नहीं होगी, या तो सरेंडर करो या मारे जाओ।इस वजह से जितने नक्सली मारे गए उससे ज्यादा ने सरेंडर किया है।बीते २२ महीनों में ४७७ नक्सली मारे गए हैं,२११० ने सरेंडर किया है तथा १७८५ गिरफ्तार किए गए हैं। लगभग दो साल में बस्तर में नक्सलियों की संख्या ढाई हजार ज्यादा कम करने में अमित शाह व साय सरकार सफल रहे हैं।अबुझमाड़ व उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त हो गया है, अमित शाह व साय सरकार की बड़ी सफलता है।

# धनतेरस धन के भौतिक एवं आध्यात्मिक समन्वय का पर्व

धनतेरस

ललित गर्ग



धनतेरस का पर्व पंच दिवसीय दीपोत्सव की पवित्र श्रृंखला का आरंभिक द्वार है। यह केवल सोना-चांदी, वस्त्र या बर्तन खरीदने का शुभ दिन नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी सोच को पुनर्संतुलित करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में धन को सदैव देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, परंतु यह पूजन केवल भौतिक संपदा का नहीं, बल्कि धन के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपयोग का भी प्रतीक है। ऋषि-मुनियों ने धन को केवल मुद्रा नहीं, बल्कि एक ऊर्जा माना है। उपनिषदों में कहा गया है-"धनं मूलं सर्वेषां साधनानाम्", अर्थात धन सभी साधनों का मूल है, परंतु वही धन शुभ है जो धर्म-संयम से अर्जित और लोककल्याण में नियोजित हो। धनतेरस हमें याद दिलाता है कि धन केवल संग्रह का नहीं, उपयोग का विषय है। धन का सही उपयोग ही उसे 'लक्ष्मी' बनाता है, अन्यथा वह 'अलक्ष्मी'-अशांति और विषमता का कारण बन जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस तिथि को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बर्तन, सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। ऐसे में यह दिन धन्वंतरि को समर्पित किया गया है।

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है, जिन्होंने मानव समाज को चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) का ज्ञान दिया। इसी कारण धनतेरस के दिन देशभर में वैद्य समाज भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में उनकी पूजा करता है। धनतेरस का ऐतिहासिक महत्व समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है, जब भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इसे 'धनत्रयोदशी' भी कहते हैं। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि को समर्पित है, जिन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है, और धन एवं समृद्धि के देवता भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ इस दिन यम दीपक जलाने का भी विधान है। जिसे दीपदान भी कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यमराज से अपनी रक्षा करने के लिए इस दिन यमदीपदान किया जाता है। एक कथा के अनुसार, एक राजा के पुत्र को साँप के काटने से मृत्यु होने की भविष्यवाणी थी, जिसे उसकी पत्नी ने दीप और सोने-चाँदी के ढेर लगाकर यमराज को दूर रखने में सफल हुई। जैन आगम में धनतेरस को 'धन्य तेरस' या 'ध्यान तेरस' भी कहते हैं।



प्राचीन भारत में धन का वितरण और उपयोग धर्म और नीति के साथ जुड़ा हुआ था। व्यापारी 'लाभ' में भी 'लोक-लाभ' देखते थे। राजा अपने धन को जनकल्याण, सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में लगाते थे। किन्तु आधुनिक युग में, विशेषतः पूंजीवादी व्यवस्था के प्रसार के बाद, धन का स्वरूप विकृत हुआ है। धन साधन से लक्ष्य बन गया है। इसके परिणामस्वरूप समाज में अमीरी-गरीबी की खाई, शोषण, और भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज एक ओर अरबपतियों की गिनती बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग रोटी और दवा के अभाव में जीवन गुज़ार रहे हैं। धनतेरस का पर्व इस विडंबना पर आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें पुकारता है कि हम धन को केवल अपनी तिजोरी का नहीं, बल्कि समाज की समृद्धि का माध्यम बनाएं। लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है, चांदी शुद्धता की प्रतीक है यहीं शुद्धता इंसानी जीवन में आये, यही इस पर्व का उद्घोष है।

महात्मा गांधी ने कहा था-"पैसा अपने आप में बुरा नहीं है, परंतु जब वह मनुष्य का स्वामी बन जाता है, तब वह विनाश का कारण बनता है।" धनतेरस का सच्चा संदेश यही है-धन का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। धन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का अर्थ है उसे साधना, सेवा और संस्कार से जोड़ना। आज आवश्यकता है कि हम धन को साझा समृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा के उपकरण के रूप में देखें। आज विश्व अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों का अभाव है। धनतेरस का यह अवसर सरकारों को भी यह संदेश देता है कि वे विकास के लिए धन का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करें। राजकोषीय नीतियाँ केवल अमीर वर्ग के लाभ के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए हों। धन की प्रवाह प्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और संवेदना का समावेश आवश्यक है। आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने भी धन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने भगवान महावीर के आर्थिक दर्शन को आधुनिक संदर्भों में व्याख्यायित करते हुए 'महावीर का अर्थशास्त्र' नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी। आचार्य महाप्रज्ञ ने स्पष्ट किया कि धन का अर्जन और उपयोग दोनों ही अहिंसक, नैतिक और संयमित होने चाहिए। उनके अनुसार धन तभी सार्थक है जब वह आत्मविकास, समाजकल्याण और न्यायपूर्ण व्यवस्था का साधन बने। उन्होंने महावीर के अर्थशास्त्र में बताया कि "धन की मर्यादा उसका त्याग नहीं, उसका संयम है।" यह विचार धनतेरस के मूल भाव को ही पुष्ट करता है कि धन को नकारा नहीं जाए, बल्कि उसे लोकमंगल में प्रवाहित किया जाए।

धनतेरस का अर्थ केवल भौतिक संपत्ति का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सद्गुण और आत्मबल का भी प्रतीक है। आयुर्वेद में इसी दिन धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है, जो चिकित्सा और स्वास्थ्य के देवता हैं। इस परंपरा में धन का अर्थ केवल पैसा नहीं, बल्कि आरोग्य, अन्न, शिक्षा और शांति भी है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि धन और धर्म का संवाद पुनः स्थापित हो। धर्म के बिना धन अंधा है, और धन के बिना धर्म असहाय। धनतेरस हमें सिखाता है कि धन का अर्जन सत्य मार्ग से हो और उसका उपभोग सेवा मार्ग पर हो। आचार्य तुलसी ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया, यानि अर्जन के साथ जनकल्याण के लिये विसर्जन का क्रम चले। मनुस्मृति में कहा गया है-"धनं धर्मेण संचिनुयात्", अर्थात धन का संचय धर्म के मार्ग से ही किया जाना चाहिए।

धनतेरस केवल सोना-चांदी खरीदने का दिन नहीं, बल्कि धन की शुद्धता और सदुपयोग की तपश्चरण का पर्व है। इस तरह से धनतेरस का पर्व केवल धन प्राप्ति का नहीं बल्कि आरोग्य, आयु और समृद्धि की कामना का पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि असली संपत्ति हमारा स्वास्थ्य है। इसलिए इस दिन की पूजा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि जीवन के संतुलन और सुख-शांति का भी प्रतीक है। आज जब समाज में धन के कारण विभाजन, भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ रहे हैं, तब धनतेरस हमें प्रेरित करता है-धन को 'दिव्यता' में रूपांतरित करने की। यह पर्व हमें पुकारता है कि हम धन के प्रति अपनी दृष्टि बदलें-धन को नकारें नहीं, बल्कि उसे साकार करें; धन से मोह न रखें, परंतु उसे लोकमंगल में प्रवाहित करें। जब धन का प्रवाह धर्म के संग बहता है, तभी सच्चा दीपोत्सव जगमगाता है-अंतर में भी, समाज में भी, और मानवता में भी।

## सू- दोकू क्र. 203

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र202 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -203

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक202का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं। आपके रुके हुए धन की पूर्ति काफी हद तक हो सकेगी। आप अपने घर की सुख सुविधाओं की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। संतान को नौकरी में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई मनपसंद गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप किसी की कही सुनी बातों में आकर वाद विवाद में ना पड़े।

मिथुन आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट प्लान ले सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने सामान की सुरक्षा अवश्य करें।

कर्क आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। माताजी से आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं फिर से सिर उठाएंगे। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति से अच्छा लाभ मिलेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको यदि कोई सेहत संबंधित समस्या चल रही थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। व्यापार में आज कोई बड़ा बदलाव आ सकता है, जो आपके फेवर में रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे । भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको कोई नई उपलब्धि हासिल हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी अच्छी पहल रहेगी। ऑफिस में भी आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है। आज आपका किसी नए मकान आदि को खरीदने के डील फाइनल होगी

तुला आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है। ऑफिस में आपके सहयोगी आपके कामो करने में पूरा सहयोग देंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर नहीं जाने देना है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील बिल्कुल ना दे, नहीं तो समस्याएं बढ़ेगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आपने यदि कोई लोन लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

धनु आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। पिताजी से आप यदि कोई वादा करें, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं को ठेस नहीं पहचानी है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

मकर शुभ रंगः लालआज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी की मदद के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपकी किसी बात का बुरा मान सकता है, इसलिए आपको सोच समझ कर बोलना बेहतर होगा। आपको कहीं घूमने फिरने थोड़ा सोच समझ कर जाना होगा, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

कुंभ कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है। आपकी किसी बात को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा होने की संभावना है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई बटवारा हो सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने भाई से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद में नहीं पढ़ना है। आपको कोई नए वाहन का सुख मिल सकता है। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जो आपका बिजनेस को आगे तक लेकर जाएंगे। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

# दीपावली पवित्र उजाले का महोत्सव,धनतेरस उसका प्रथम द्वार



संजीव ठाकुर

"धनं धर्मेण गम्यते" धन धर्म से प्राप्त हो और धर्म के लिए ही प्रयुक्त हो।

यही सनातन सूत्र दीपावली और धनतेरस के मूल में विद्यमान है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में प्रत्येक पर्व केवल उत्सव नहीं होता, वह मनुष्य, ईश्वर, समाज और आत्मा के बीच एक पवित्र संवाद होता है। दीपावली और धनतेरस भी ऐसे ही दिव्य संवाद की प्रेरणा हैं, जो हमें स्मरण कराते हैं कि प्रकाश केवल बाहर नहीं, भीतर भी जलना चाहिए। यह पर्व मानव-चेतना, श्रम, विश्वास और अध्यात्म का अद्भुत संगम है।

धनतेरस दीपावली का प्रथम द्वार है। यह कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी की संध्या को आता है जब आकाश में चाँद छोटा होता है, पर धरती पर दीपक बड़ी आशा से जलते हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार, इसी दिन समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि अमृतकलश सहित प्रकट हुए थे — जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य और आरोग्य का अमूल्य वरदान दिया।

अतः यह दिन केवल "धन" का नहीं, बल्कि "धन्य" होने का प्रतीक है।

सच्चा धन वही है जो शरीर और समाज दोनों को स्वस्थ रखे।

इसी दिन से माँ लक्ष्मी के आवाहन का आरंभ होता है।

लोग सोना, चाँदी, बर्तन या नए साधन खरीदते हैं — यह केवल भौतिक लेन-देन नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक संकल्प होता है कि समृद्धि सदाचार और श्रम के मार्ग से अर्जित हो।

धनतेरस का संदेश स्पष्ट है —

धन का उपयोग धर्म के लिए हो, धर्म का उपयोग धन के लिए नहीं।"

यही सनातन संतुलन जीवन का आधार है।फिर आता है दीपों का पर्व — दीपावली, जब अमावस्या की रात पूर्ण अंधकार में लिपटी होती है और एक छोटा-सा दीप मिट्टी की लौ में ब्रह्म का प्रतीक बन जाता है।

यह दीप कहता है —

"अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, एक लौ पर्याप्त है उसे मिटाने के लिए।"

पौराणिक दृष्टि से यह दिन भगवान श्रीराम की अयोध्या-वापसी का स्मरण है चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात जब श्रीराम अयोध्या लौटे, तो नगर लाखों दीपों से आलोकित हो उठा।यह केवल श्रीराम के आगमन का नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और न्याय की विजय का उत्सव था।

इस दिन समुद्र मंथन से प्रकट माँ लक्ष्मी का पूजन भी होता है।

वे बताती हैं कि जहाँ श्रम, सत्य और पवित्रता है वहीं स्थायी समृद्धि का वास होता है।

धार्मिक दृष्टि से दीपावली अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की यात्रा है।

उपनिषदों का यह सूत्र "तमसो मा ज्योतिर्गमय" इस पर्व की आत्मा है।

पर यह केवल वैदिक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है।

जब मनुष्य अपने भीतर के तमस लोभ, क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या को दूर करता है, तब उसका जीवन वास्तव में प्रकाशित होता है।

सामाजिक दृष्टि से दीपावली सह-अस्तित्व और साझी प्रसन्नता का प्रतीक है। प्रकाश तभी फैलता है जब प्रत्येक घर का दीप समान रूप से जले।

दीपावली का दीप सामूहिकता और समता का प्रतीक है,

छोटे घर का दीप भी उसी आकाश में चमकता है, जिसमें महलों का दीप।

यह पर्व सिखाता है कि समाज का उजाला किसी एक दीप से नहीं, सभी दीपों के मिलन से बनता है।धनतेरस और दीपावली दोनों ही स्वच्छता और संयम के पर्व हैं। घर की सफाई केवल धूल हटाने की क्रिया नहीं, बल्कि मन के कलुष को दूर करने का प्रतीक है।

इस काल में लोग घर, वस्त्र और मन — तीनों को पवित्र करते हैं, क्योंकि माना गया है कि लक्ष्मी वहीं आती हैं जहाँ शुद्धता, श्रम और प्रसन्नता हो।

व्यापारी वर्ग इस दिन बहीखातों की पूजा करता है।

यह भावना प्रकट करती है कि धन-लाभ केवल व्यापार का उद्देश्य नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का साधन भी होना चाहिए।समाज का संतुलन तभी संभव है जब धन का प्रवाह धर्म से नियंत्रित हो और धर्म विवेक से प्रेरित।

दीपावली का प्रकाश केवल लौ नहीं, एक संदेश है —

आत्मा के जागरण का, मनुष्य की श्रेष्ठता का, और अंधकार पर उसकी विजय का।

धनतेरस हमें आरोग्य देता है, दीपावली हमें आलोक देती है —

और दोनों मिलकर सिखाते हैं कि समृद्धि तभी पूर्ण है जब वह शांति, स्वास्थ्य और संतुलन से जुड़ी सनातन धर्म की विशेषता यही है कि वह जीवन के प्रत्येक पक्ष को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की चारधारा से जोड़ता है।

धनतेरस "अर्थ" का सत्व है, दीपावली "मोक्ष" की दिशा।दोनों मिलकर हमें बताते हैं कि जीवन की पूर्णता बाहरी संपन्नता से नहीं, आंतरिक पवित्रता से आती है।

दीपावली का अर्थ केवल घर में दीप जलाना नहीं —

बल्कि मन में विनम्रता, कर्म में सजगता, और व्यवहार में सत्यता का दीप जलाना है।

जब समाज का हर दीप अपने भीतर प्रकाश पाता है, तभी राष्ट्र सच में आलोकित होता है।

और यही इस पर्व का सनातन संदेश है

"धर्मो रक्षति रक्षितः।"

जो धर्म की रक्षा करता है, वही सच्चे अर्थों में सुरक्षित रहता है।

धनतेरस और दीपावली ये दो पर्व केवल पूजा और उत्सव नहीं,

बल्कि जीवन के भौतिक और आध्यात्मिक दोनों पक्षों का संतुलन हैं।

एक हमें आरोग्य और समृद्धि की राह दिखाता है, दूसरा हमें सिखाता है कि समृद्धि तभी स्थायी है जब वह धर्म की लौ से प्रज्ज्वलित हो। जब मनुष्य अपने भीतर के दीप को पहचान लेता है,तब संसार का कोई अंधकार उसे छू नहीं सकता।यही सनातन दर्शन का गूढ़ संदेश है —

"अंधकार चाहे बाहर हो या भीतर, दीपक का जन्म सदैव उसे मिटाने के लिए ही होता है।"

## एक नजर

### भालू के उत्पात से ग्रामीण व वनकर्मी दहशत में



**कोंडागांव 18 अक्टूबर।** जिले के वन परिक्षेत्र मर्दापाल के मलनार-नाहकानार-चेमा गांव के जंगल में वन्य प्राणी भालू के उत्पात से ग्रामीण और वनकर्मी दहशत में हैं । यह भालू अचानक जंगल मार्ग पर आ धमका और ग्रामीणों समेत वन विभाग की टीम के वाहनों पर हमला कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, जब ग्रामीण और वनकर्मी नियमित निरीक्षण के लिए जंगल की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में भालू उनपर झपट पड़ा। हालांकि सभी लोग किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे, परंतु भालू ने उनके वाहनों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। घटना के वीडियो में भालू गाड़ियों पर झपटते और उग्र रूप में घूमते हुए दिख रहा है।

### पिकअप से एमपी की 100 पेटी शराब जब्त, तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग गए

**जगदलपुर18 अक्टूबर।** बड़ांजी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। यह शराब मध्यप्रदेश से बस्तर जिले में बिक्री के लिए लाई जा रही थी। तस्कर पुलिस को देखते ही भागने लगे और सुनसान जगह पर वाहन छोड़कर भाग फरार हो गए। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन वाहनों में मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी केशरी चंद साहू के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और ग्राम टाकरागुड़ा-बेलर रोड में घेराबंदी की गई। इस दौरान एक पिकअप को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वाहन चालक पुलिस की नाकेबंदी देखकर वाहन को मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने वाहन का पीछा किया। पिकअप के करीब पहुंचने से पहले ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर शराब से भरी पिकअप सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। तलाशी लेने पर गाड़ी से 100 पेटी मध्यप्रदेश की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 6.40 लाख है। वहीं जब्त पिकअप वाहन की कीमत करीब 7 लाख आंकी गई है।

### बस्तर ट्रेलर टिप्पर संघ के अध्यक्ष बने शक्ति, मलकीत संरक्षक

**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** ट्रेलर टिप्पर संघ की नई नई समिति में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शक्ति सिंह चौहान को सौंपी गई है। वहीं सचिव के लिए सत्यनारायण यादव सबकी पसंद बने। इनके अलावा ब्रजेश सिंह भदौरिया और मलकीत सिंह गैदू को संगठन का संरक्षक बनाया गया है। गौरतलब है कि संगठन का उद्देश्य क्षेत्र के व्यापार को संगठित कर आधुनिक और प्रभावी दिशा देना है। समिति में विभिन्न अनुभवी और कार्यकारिणी का गठन हो गया है। अध्यक्ष - शक्ति सिंह चौहान, उपाध्यक्ष - सुनील गिरधर, सचिव - रविंद्र सिंह परिहार, सहसचिव - सत्यनारायण यादव, कोषाध्यक्ष - विकास चांडक। कार्यकारिणी सदस्य - कुलदीप सिंह सूरी, राघवेंद्र द्विवेदी, रविंद्र खत्री, मनोज बिष्ट। युवा व्यापारियों को शामिल किया गया है, जो स्थानीय बाजार को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य बस्तर के व्यापार को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ते हुए इसे बेहतर वातावरण प्रदान करना है

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर न्योता भोज का आयोजन

**जगदलपुर18 अक्टूबर।** विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बकावण्ड विकासखंड के अंतर्गत स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, करीतगांव में न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अन्न के प्रति सम्मान और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को जागृत करना था। प्राचार्य एवं नव नियुक्त शिक्षकों के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मालगांव, करीतगांव, धोबीगुड़ा, कोहकापाल तथा जुनावनी के सरपंचगण, क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य श्री वनवासी मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खाद्य दिवस के महत्व एवं भोजन की बर्बादी रोकने के संदेश से अवगत कराया गया।

# ग्राम फरसपाल की महिलाओं ने परिवहन सेवा के जरिये लिखी स्वावलंबन की कथा




**दंतेवाड़ा, 18 अक्टूबर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये वर्तमान में ग्रामीण महिलाएं नया मुकाम बना रही है। मिषन ने अपने विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीण महिलाओं को लाभ देकर उन्हें नया आत्मविश्वास दिया हैं। इसके चलते साधारण गृहणियों का जीवन को कुछ करने का अवसर मिला और उनकी नई पहचान बनी है। इस क्रम में ग्राम पंचायत फरसपाल की गंगादेवी स्व सहायता समूह ने टाटा मैजिक के माध्यम से आस पास के गांव में परिवहन सेवा शुरू की जिससे ग्रामीण जनों को आने जाने में सुविधा मिलने लगी। जिला प्रशासन की योजना के तहत उन्हें ड्राइविंग प्रशिक्षण मिला और समूह ने टाटा मैजिक चलाने हेतु ड्राइवर का भी चयन किया अब वाहन के द्वारा रोजाना फरसपाल से आलनार, कुंदेनार, दंतेवाड़ा, गीदम तक यात्रियों को लाना ले जाने का कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। समूह की एक अन्य सदस्य महिला श्रीमती यन्ति ठाकुर द्वारा परिवहन सेवा का पूरा हिसाब लेखा संधारण किया जा रहा है। इस क्रम में श्रीमती यन्ति ठाकुर बताती है कि वह भी पहले घरेलू महिला थी जिनका जीवन सीमित आय में गुजर रहा था। उन्होंने अपने गाँव के गंगा देवी स्व सहायता समूह से जुड़कर बचत करना शुरू किया, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से जुड़ कर अपने आय में वृद्धि की समूह में उन्हें प्रशिक्षण मिला कि महिलाएं भी अपने परिवार के आजीविका को समृद्धि की ओर अग्रसर कर सकती है उनकी समूह की आय लगभग 26000 तक पहुँच गई है। इस तरह उनके समूहों की सभी महिलाओं का जीवन पूर्व के मुकाबले बेहतर हो गया है।

### जिला परिवहन कार्यालय ने वाहन नवीनीकरण के संबंध में निर्देश जारी किया

**दंतेवाड़ा, 18 अक्टूबर।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन स्वामी द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों तहत वाहन का पंजीयन कराया जाना है। इसके अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र, फिटनेस प्रमाण-पत्र के अवसान हो जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 45, 56 के तहत नवीनीकरण कराया जाएगा। इसके तहत यदि कोई वाहन का स्वामित्व में जिला परिवहन कार्यालय दंतेवाड़ा में पंजीकृत है, तो मोटरयान अधिनियम की धारा 45, 56 के तहत नवीनीकरण हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में वाहन के पंजीयन प्रमाण-प्रत्र की निलंबन की कार्यवाही की जाऐगी। इसी प्रकार प्रत्येक वाहन स्वामी को मोटरयान कर के भुगतान के पश्चात छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 8 (1) 8(2) में विहित प्रावधानों के अधीन घोषणा दर्ज करता है कि उसकी कोई वाहन आपके अपने स्वामित्व में जिला परिवहन कार्यालय दंतेवाड़ा में पंजीकृत है, और उसके द्वारा अतिरिक्तः भुगतान किया गया हो तो इसकी पुष्टि हेतु समस्त साक्ष्यों के साथ छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा- 8 (1) 8(2) में विहित प्रावधानों के अधीन घोषणा दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में सात दिवस के भीतर अपने स्वामित्व वाहन के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 8 (1) 8(2) में विहित प्रावधानों के अधीन घोषणा दर्ज करना सुनिश्चित करें। ताकि छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 8(3) के अधीन देय कर की अवधारणा की जाऐगी।

**आत्मसमर्पण करने वालों को पुनर्वास नीति के तहत मकान, जमीन व तीन साल तक आर्थिक सहायता दी जाएगी**

# कोई नक्सली माता-पिता के सुख से वंचित है तो सरकार मेडिकल सुविधा देगी, डीआरजी में किया जायेगा शामिल




**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते कहा कि रास्ता भटककर समाज से अलग हो चुके लोग आज गांधीजी के अहिंसा के विचार और सरकार के पुनर्वास नीति पर विश्वास कर समाज की मुख्यधारा में लौटे हैं, उन सभी को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सीएम साय ने कहा, हमारे भाई-बहन अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, उन्हें संविधान की प्रति भी दी गई है, ताकि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझें और अपनाएं। उन्होंने कहा कि बस्तर में अब बदलाव दिख रहा है-सड़कें बन रही हैं, बिजली और राशन लोगों तक पहुंच रहा है। राज्य सरकार बस्तर के समग्र विकास के लिए वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मकान, जमीन और तीन साल तक आर्थिक सहायता दी जाएगी। हमने सतत अध्ययन कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में बेहतर से बेहतर पुनर्वास नीति तैयार की। इसी का परिणाम है कि आज माओवाद का रास्ता छोड़कर विकास की धारा से जुड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ जब 210 से ज्यादा लोगों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया हो, यह सब हमारी सरकार की पुनर्वास नीति से संभव हो रहा है। जिसमे आवास समेत अन्य जरुरी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। आवास नीति में भी हमने विशेष प्रावधान किया है। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के भविष्य को लेकर कहा कि हम उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि ऐसा क्षेत्र जो नक्सलवाद के कारण विकास की पहुंच से अछूता था, वहां सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं के तहत इन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। पक्की सड़कों से कनेक्टिविटी बढ़ रही है। श्री साय ने कहा कि आत्मसमर्पित लोगों को 3 वर्ष तक आर्थिक सहायता प्रदान किया जाएगा। जिससे उनका जीवन अच्छा और अभावरहित बीत सके।

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा कहा कि ने आज का दिन बस्तर के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर हम अपने संकल्प पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बस्तर की जनता के मनोभाव के अनुरूप आज माओवादी संगठन के 210 लोगों ने पुनर्वास करने का निर्णय लिया और नये जीवन को चुना। सरकार से बड़ा समाज होता है यह सोचकर माओवादी संगठनों ने समाज के समक्ष पुनर्वास का निर्णय लिया गया। आज बस्तर में समाज के मानबिंदु मांझी, चालकी, गायता और पुजारियों ने समाज की मुख्यधारा में उनका में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत उन्होंने कहा कि कोई नक्सली माता-पिता के सुख से वंचित है, तो सरकार मेडिकल ट्रीटमेंट तक की सुविधा देगी। डीआरजी को लेकर उन्होंने कहा कि इसमें जो शामिल होना चाहें, उन्हें शामिल किया जाएगा। डीआरजी की मौजूदा टीम में 10 प्रतिशत ही आत्मसमर्पित नक्सली हैं, बाकी सभी नए भर्ती हुए लोग हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि जल्द ही और भी लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक माओवाद के खात्मे का संकल्प किया था, यह संकल्प पूरा हो रहा है। मुख्यधारा में वापसी को लेकर ललक बढ़ रही है। आत्मसमर्पित लोगों के पुनर्वास को लेकर हमारी नीति स्पष्ट रूप से समझाई जा रही है। आज माड़ डिविजन की पूरी कमेटी, गढ़चिरौली की कमेटी, कंपनी नंबर वन, कंपनी दस, संचार टीम, प्रेस टीम, डॉक्टर टीम ने आत्मसमर्पण किया है। अब उत्तर पश्चिम क्षेत्र पूरी तरह क्लियर हो चुका है।

प्रेस वार्ता में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी सहित अन्य जनप्रतिनिधी और पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा समेत कोंडागांव, नारायणपुर,दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के एसपी के सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलम्पिक के शुभंकर से हाथ मिलाकर दी बधाई



**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में बस्तर ओलम्पिक 2025 के शुभंकर से हाथ मिलाकर बधाई दी और बस्तर ओलम्पिक के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा एवं अरुण साव, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी सहित अन्य जनप्रतिनिधी और कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस उपस्थित रहे।

### एक मैनेजर चला रहा बांस कला केन्द्र

**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया में संचालित बांस कला केन्द्र एवं ग्रामोद्योग केन्द्र सालों से एक मैनेजर के भरोसे संचालित हो रहा है, जबकि केन्द्र में 40 से अधिक महिलाएं काम कर रहीं हैं। इनके माध्यम से किए गए उत्पाद का विक्रय देशभर में किया जाता है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के अभाव में रॉ मटेरियल खरीदी करने से लेकर उत्पाद की विक्रय व पैकिंग करने आदि में काफी दिक्कतें होती है। मिली जानकारी के मुताबिक बांस कला केन्द्र एवं ग्रामोद्योग केन्द्र को इस साल एक करोड़ रूपए के सामग्रियों का उत्पादन करने का टारगेट मिला है और जनवरी तक 91 प्रतिशत टारगेट पूरा कर लिया गया है। इसके पहले वर्ष 45.76 लाख का टारगेट मिला था, और 80 लाख का उत्पाद तैयार किया गया था।

**उत्पादन केन्द्र डिमरापाल में लगा ताला :** मिली जानकारी के मुताबिक खादी ग्राम उद्योग का उत्पादन केंद्र डिमरापाल में पदस्थ प्रबंधक के सेवानिवृत्त होने के बाद केन्द्र में ताला लग गया है। इसके कारण वर्तमान में बांस कला केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग उत्पादन केन्द्र के माध्यम से ही संचालित किया जा रहा है।

**कर्मचारियों के लिए लिखा गया है पत्रः** बांस कला केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग केन्द्र के मैनेजर उमेश रायकवार ने बताया कि केन्द्र में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व पीयून की जरूरत है, पर अब तक भर्ती नहीं हो पायी है। इस संबंध में मुख्यालय को पत्र भी लिखा गया है।

### इनरव्हील अध्यक्षा ने महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार

**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मधुस्मिता त्रिपाठी का एक दिवसीय आधिकारिक दौरा शुक्रवार को जगदलपुर में हुआ। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को शक्तिशाली बनाना जरूरी है ताकि वे अपने जीवन से जुड़े फैसले स्वयं ले सकें। उन्हें समाज में समान अवसर और अधिकार मिलें—इसी दिशा में इनर व्हील क्लब कार्य कर रहा है। मधुस्मिता त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर सशक्त किया जा सकता है। इससे वे समाज में पुरुषों के समान योगदान दे सकेंगी। आधिकारिक दौरे के दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने सबसे पहले इंदिरा स्टेडियम में बोतल बीन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शांति नगर वार्ड में एक विधवा महिला को नाश्ते का ठेला प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गई। इसके अतिरिक्त अविनाश इंटरनेशनल होटल में तीतिरगांव के बच्चों को 120 कॉपियां और 250 जोड़ी जूते वितरित किए गए। साथ ही शहर के कुछ लोगों को अचीवमेंट अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। जगदलपुर की इनर व्हील क्लब अध्यक्ष रेशमा चामड़िया और सचिव प्रीति आज़ाद ने भी वर्ष भर में किए गए प्रोजेक्ट्स की जानकारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को दी। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यगण, पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।



### युवराज का यूथ ओलंपिक गेम्स (बहरीन) के लिए चयन

**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** बस्तर के युवराज सिंह ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है, उन्हें बहरीन में होने वाले यूथ ओलंपिक गेम्स में भारतीय मुएथाई दल में शामिल किया गया है। इस दल में कुल चार बालक और छह बालिकाएँ शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का पूरा खर्च भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा वहन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र खिलाड़ी के रूप में युवराज 21 अक्टूबर को बहरीन के लिए रवाना होंगे। यह छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास के लिए एक गर्व का क्षण है, क्योंकि पहली बार बस्तर से किसी खिलाड़ी को यूथ ओलंपिक के लिए चुना गया है। छत्तीसगढ़ एमेच्योर मुएथाई संघ के संरक्षक माननीय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव एवं अध्यक्ष लखन कुमार साहू , सचिव अनीश मेमन , अमन याद एवं युवराज के कोच अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन में युवराज ने वर्षों से निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और विश्व चैंपियन रह चुके हैं। इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर उनका चयन यूथ ओलंपिक गेम्स के लिए हुआ है। युवराज के पिता राजेंद्र सिंह ने भी सदैव उनके साथ कदम से कदम मिलाकर सहयोग दिया है। यही समर्पण और मेहनत आज इस ऐतिहासिक सफलता का आधार बना है ।



# हाता मैदान में दिवाली पर दुकानों की अनुमति दिए जाने का खिलाड़ियों ने किया कड़ा विरोध

**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** ऐतिहासिक गांधी मैदान (हाता ग्राउंड) में दीपावली के अवसर पर नगर निगम प्रशासन द्वारा अस्थायी दुकानों की अनुमति दिए जाने के विरोध में शहर के खेल प्रेमियों और क्रिकेट खिलाड़ियों ने शुक्रवार को बस्तर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। खिलाड़ियों ने कहा कि हाता ग्राउंड जगदलपुर का ऐतिहासिक खेल मैदान है, जिसने अनेक दिग्गज क्रिकेटरों को जन्म दिया है। पूर्व सरकार के कार्यकाल में इस मैदान का जीर्णोद्धार करते हुए फ्लड लाइट, घासयुक्त पिच और टर्फ विकेट की व्यवस्था की गई थी। लाखों रुपए खर्च कर इसे खेल प्रेमियों के लिए तैयार किया गया था, परंतु वर्तमान में मैदान की उपेक्षा और अस्थायी बाजार लगाने की अनुमति से खिलाड़ियों की भावनाएं आहत हुई है। सभी ने एक स्वर में कहा कि गांधी मैदान की गरिमा और खेल परंपरा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ग्राउंड में अव्यवस्था से खिलाड़ी नाराजः** खिलाड़ियों का कहना है कि पिछले छह महीनों से हाता ग्राउंड में किसी प्रकार का रखरखाव या सफाई कार्य नहीं हुआ, जिससे मैदान में गंदगी, झाड़ियां और शराब की खाली बोतलों का अंबार लगा है। साथ ही, पूर्व में गठित मैदान समिति को भंग कर दिया गया, जिसके कारण मैदान की सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

**खेल भावना के साथ समझौता नहींः** खेल प्रेमियों ने कहा कि निगम प्रशासन दीपावली बाजार के लिए अन्य उपयुक्त स्थान चिन्हित कर सकता है, ताकि शहर के लघु व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पसरा बाजार के व्यापारियों को भी परेशानी न हो और मैदान की अस्मिता भी बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मैदान की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और दुकानों की अनुमति वापस नहीं ली गई, तो आने वाले दिनों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान खेल एवं क्रिकेट प्रेमियों में बलराम यादव, रोजवीन दास, उस्मान रजा, कपिल नाग, विवेक, शुभम, खिरेंद्, सुभाष, गुलाम, नीरज, आकाश, भावेश सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।

# बीजापुर के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीते 25 मेडल




**बीजापुर 18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आयोजित 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया । खिलाड़ियों ने स्विमिंग, सहित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी एवं संबंधित प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 पदक जीतने वाले अंडर-19 बालिका वर्ग में सदना पोरतेटी ने 3 स्वर्ण और 1 रजत, जबकि अक्षिता तोड़ेम ने 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किए। अंडर-17 बालक वर्ग में बबलु ऐंजा ने 3 रजत, और सरैया पालदेव ने 1 कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में रीता पोरतेटी ने 2 स्वर्ण और 1 रजत, गुंजन कोरसा ने 2 स्वर्ण और 1 रजत, सपना कोरसा ने 2 रजत और 1 कांस्य, जबकि तमन्ना ने 1 कांस्य पदक जीता। अंडर-14 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने भी 1 रजत और 2 कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल की। खिलाड़ियों की सफलता में उनकी कोच दीप्ति वर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से बच्चों को नई दिशा दी। बीजापुर के इन उभरते खिलाड़ियों की इस सफलता से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। स्थानीय खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

**उप मुख्यमंत्री के समक्ष हमने 10 मांगों रखी है**

# आदिवासियों के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : रूपेश



**जगदलपुर 18 अक्टूबर।** केंद्रीय कमेटी मेंबर रूपेश उर्फ सतीश उर्फविकल्प ने आत्मसमर्पण से ठीक पहले स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'हम आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, हम हथियार छोड़ रहे हैं, आदिवासियों के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। रूपेश ने बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से हुई चर्चा में हमनें 10 मांगों को उनके सामने रखी हैं। उन्होंने बताया कि 'हमने सरकार के सामने बस्तर में पांचवी और छठी अनुसूची एवं पेशा कानून लागू करने की मांग की है। इसमें मुख्य रूप से इस बात की उन्हें जानकारी

दी गई है, कि ग्रामीणों की जमीन जोर जबरदस्ती से नहीं ली जा सकती, यदि कोई जमीन माइनिंग या दूसरी चीजों के लिए चयनित होती है, तो उसके लिए ग्राम सभा की बैठक होगी, ग्रामीणों की राय ली जाएगी। ग्रामीणों की अनुमति और ग्राम सभा के अनुमोदन के बगैर किसी भी ग्रामीण की जमीन नहीं ली जाएगी। प्रशासन और पुलिसिया जोर जबरदस्ती ग्रामीण पर नहीं किया जाएगा। केंद्रीय कमेटी मेंबर रूपेश ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पांचवी और छठी अनुसूची एवं पेशा कानून लागू करने का विश्वास दिलाया है। वन कानून को सही तरीके से अमल करना है। सरकार ने मूल वासी बचाओ मंच को बंद कर दिया है, इस मंच को फिर से चालू किया जाए, इस मंच के बैनर के नीचे जो भी कार्य किया जा रहे थे , उसे संवैधानिक तरीके के अनुसार चालू करवाया जाए, मूलवासी बचाओ मंच को सरकार ने जबरन बंद कर दिया था । मूलवासी बचाओ मंच के प्रतिबंध आगे नहीं बढ़ाने की मांग रखी गई है। माओवादी कैडर जो जेल में बंद हैं, उनकी रिहाई हो जेल में बंद साथियों को रिहा करने की मांग पर विचार करने का आश्वासन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दिया है। रूपेश ने कहा कि हमारी मांगों पर स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला है।

नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी के मेंबर रूपेश ने बताया कि जून महीने में ही बसवराजू ने हथियार छोड़ने की बात कही थी। बसवराजू ने सभी कमेटी के मेंबरों को इस बात के लिए कहा था कि हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाना चाहिए। रूपेश ने कहा कि इस बाबत केंद्रीय कमेटी मेंबर के साथ ही दूसरे नेताओं से भी बात हुई, लेकिन वह लोग हथियार छोड़ने को तैयार नहीं थे। बसवराजू ने उन लोगों को कहा था, कि इससे संगठन को बड़ा नुकसान होगा, इसलिए आत्मसमर्पण का निर्णय लेना चाहिए और हथियार छोड़ने की बात पर एक मत होना चाहिए। रूपेश ने कहा कि संगठन में कोई इस पर तैयार नहीं हुआ यदि बसवराजू की बात को मान लिया गया होता तो, संगठन को इतना ज्यादा नुकसान नहीं होता। रूपेश ने बताया कि दक्षिण सबजोनल कमेटी के देवा और हिड़मा से भी बसवराजू ने सरेंडर की बात कही थी, लेकिन उनकी बात को मना कर दिया गया। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी के मेंबर रूपेश ने कहा कि नक्सलियों के जितने भी तंत्र माड़ डिवीजन में थे, सब बंद हो गए हैं। नक्सलियों द्वारा जितने विभाग चलाए जाते थे, सभी विभाग बंद हो गए हैं, क्योंकि इन विभागों को चलाने के लिए अब लोग नहीं बचे। नक्सलियों के पास इन विभागों को चलाने के लिए जो संसाधन चाहिए, वह भी नहीं बचा है। हमने संगठन के विस्तार के लिए एक तंत्र विकसित किया था, जो अलग-अलग काम करते थे, लेकिन अब न तो तंत्र बचा है और ना ही उसे चलाने के लिए कोई विभाग बचा। उसने बताया कि वर्तमान समय में माओवादी कैडर में कोई भी महासचिव नहीं है। पहले इस बात की जानकारी सामने आई थी, कि देवजी को महासचिव बनाने की जिम्मेदारी मिली थी, जिसे नकार दिया गया है। रूपेश ने कहा कि यह सिर्फउड़ाई गई खबर है।

# बीच सड़क पर किसी ने इंसान के पुतले का कटा हुआ सिर रख दिया

## लोगों ने की जांच की मांग



**रायगढ़,18 अक्टूबर।** जिले के ठेला चैक में किसी ने इंसानी पुतले का कटा हुआ सिर रख दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना 16 अक्टूबर की रात की है। अगले दिन सुबह लोगों ने देखा तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

वीडियो में कटे हुए सिर के आसपास लाल निशान और नारियल भी देखे गए। ऐसे में राहगीर इसे तंत्र-मंत्र से जोड़कर देख रहे थे। शहर में इसे लेकर अलग-अलग तरह की चर्चा हो रही है। हांलाकि इसे किसने रखा है यह अब तक पता नहीं चल सका है। लोगों ने रायगढ़ पुलिस से जांच की मांग की है।शहर के वार्ड नंबर 16 और वार्ड नंबर 39 के बीच दशरथ पान ठेला चैक है। वहीं, की घटना है। जब लोगों ने इसे देखा तो फेसबुक पर इस वीडियो को पोस्ट किया। साथ ही उसमें लिखा कि रायगढ़ पुलिस और रायगढ़ पुलिस कप्तान साहब से विनम्र निवेदन है, इस वीडियो पर तुरंत प्रभाव से जांच की जानी चाहिए कि आखिर हर मामला इस चैक में ही क्यों होता है।

पोस्ट में ये भी लिखा कि इसकी पूरी जानकारी मिलनी चाहिए क्या ये भय पैदा करने के लिए किया गया है या किसी पर मरण प्रयोग किया है या किसी को मारने से पहले उसे धमकाने के लिए किया गया है या सीरिया का रुल लागू होने वाला है। कोतरा रोड में ओर इस पुतले के आस पास जो भी दाग है दाग नहीं बल्कि काली मुर्गी के खून के निशान ही है।

# आकाशीय बिजली एवं मौसम पूर्वानुमान की जानकारी देंगे दामिनी एवं मेघदूत एप

**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भारत सरकार के दामिनी एप एवं मेघदूत एप के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सर्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सेनानी एवं समस्त तहसीलदारों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन आकाशीय बिजली घटित होने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान में आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह मेघदूत एप मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान (तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि)से संबंधित है। जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही आपदा के समय नागरिकों को तत्काल सहायता पहुँचाने हेतु जारी टोल फ्री आपदा सहायता नंबर 1070 के प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए गए हैं।

## समाचार संक्षेप

### छाल पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान



**छात्रों को सिखाए डिजिटल सुरक्षा के गुर**

**रायगढ़,18 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया श्री प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटापाली (सी) में साइबर सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक मदन पाटले ने विद्यार्थियों को बदलते डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार फेक प्रोफाइल, संदिग्ध लिंक, ईनामी कॉल, फर्जी निवेश योजनाएं, लोन ऐप, कॉल मर्ज और प्रोफाइल क्लोनिंग जैसे तरीकों से साइबर अपराधी लोगों को ठग रहे हैं। छात्रों को यूपीआई, ओटीपी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सतर्कता से उपयोग करने की हिदायत दी गई। उप निरीक्षक पाटले ने बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में जागरूक करते हुए आत्मसम्मान, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और साइबर अपराध से बचाव के उपाय सीखे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, स्कूल स्टाफ और थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरायपाली अनुविभाग में उचित मूल्य की दुकानों के नवीन आबंटन के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन

**महासमुंद 18 अक्टूबर ।** अनुविभाग सरायपाली के अंतर्गत संचालित सहकारी समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पूर्व में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का समर्पण किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इन समर्पित ग्राम पंचायतों में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन किया जाएगा। जिसमें प्रस्तावित ग्राम पंचायत कसलबा, कंवरपाली, बालसी, अर्जुन्दा, नवरंगपुर एवं कलेंडा (छिबर्रा) शामिल हैं।इस संबंध में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहदाकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियाँ, प्राथमिक कृषि साख समितियाँ, वन सुरक्षा समितियाँ, महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम पंचायतें तथा अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियाँ जो उचित मूल्य की दुकान संचालित करने की इच्छुक हैं, उनसे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएँ निर्धारित प्रारूप-एक में आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन अवधि में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरायपाली कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त सभी ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य की दुकान का आबंटन छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 की कंडिका-9 के अंतर्गत किया जाएगा।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनसी सेवाओं, संस्थागत प्रसव और मातृ मृत्यु दर की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, पंजीयन और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना होगा। मितानिनों के माध्यम से नियमित फॉलोअप और रेडी टू ईट फूड का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इसके साथ ही मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम नागरिकों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की नियमित आपूर्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर भटकना न पड़े। बैठक में डायलिसिस मरीजों की संख्या में वृद्धि और उनकी नियमित ओपीडी सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि डायलिसिस की सुविधाओं में विस्तार कर अधिकतम मरीजों को लाभान्वित किया जाए।इम्यूनाइजेशन कवरेज रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए तमनार, धरमजयगढ़ और पुसौर ब्लॉकों में सुधार के निर्देश दिए गए। एनसी रजिस्ट्रेशन बढ़ाने और टीबी मरीजों को निश्चय निरामय योजना के तहत पोषण व जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने प्रतिभागी 27 अक्टूबर तक कर सकते है ऑनलाइन पंजीयन

**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# उद्योगपति ने रिश्तेदार को लगाया साढ़े चार करोड़ का चूना

## बेटों के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर व कुटरचित दस्तावेज के जरिए तैयार की जाली गिफ्ट डीड, पूंजीपथरा थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायगढ़,18 अक्टूबर।** अपने ही व्यापारी रिश्तेदार द्वारा खरीदे गये शेयर को कूटरचित दस्तावेज और फर्जी हस्ताक्षर के जरिये जाली गिफ्ट डीड तैयार करते हुए अपने नाम ट्रांसफर्र कराने वाले श्री बांके बिहारी इस्पात कंपनी के डायरेक्टर हरबिलास अग्रवाल और उनके दोनों बेटों प्रणव और आयुष अग्रवाल के खिलाफ पूंजीपथरा पुलिस ने 420, 34 के तहत अपराध कायम किया है। खास बात यह है कि आरोपी उद्योगपति ने अपने बेटों के साथ मिलकर शेयर बेचने के बाद नोटरी के जरिये फर्जी दानपत्र बनवाया जबकि नोटरी को गिफ्ट डीड बनाने का अधिकार है ही नहीं।

मूलतः सूरजपुर के केतका निवासी और उद्योगपति हरबिलास अग्रवाल के रिश्तेदार अजय अग्रवाल ने पूंजीपथरा थाने में श्री बांके बिहारी इस्पात कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी हरबिलास अग्रवाल वो लोग एक ही परिवार के हैं। मार्च महीने में उन्होंने श्री बांके बिहारी इस्पात प्रा. लि. के 2 लाख 9 हजार 960 नग शेयर 10 रूपये फेस वेल्यु के शेयर सर्टिफिकेट के माध्यम से क्रय किये थे। जिसकी आज की वेल्यु लगभग साढ़े 4 करोड़ रूपये है। अजय अग्रवाल ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि हरबिलास अग्रवाल ने गिफ्ट डीड से संबंधित कूटरचित दस्तावेजों को तैयार किया और उसके हस्ताक्षर किये। साथ ही हरबिलास अग्रवाल ने एक फर्जी और बेक डेट का गिफ्ट डीड 100 रूपये के स्टाम्प में बनवाकर रायगढ़ के एक का सील युक्त 16 मई 2024 को निष्पादित कराया है, जिसमें इस बात का उल्लेख किया है कि 2 लाख 9 हजार 960 शेयर आवेदक यानि अजय अग्रवाल ने अपने भाई अनावेदक हरबिलास अग्रवाल को गिफ्ट कर दिया है। जिसमें अजय अग्रवाल और हरबिलास अग्रवाल के हस्ताक्षर तो थे मगर गिफ्ट डीड को नोटरी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये हरबिलास अग्रवाल ने अजय अग्रवाल के फर्जी हस्ताक्षर कर उक्त गिफ्ट डीड को तैयार कराया गया है। गिफ्ट डीड के निष्पादन के समय और 100 रूपये का स्टाम्प लेते समय अजय अग्रवाल उपस्थित ही नहीं था। इस प्रकार हरबिलास अग्रवाल ने फर्जी गिफ्ट डीड नोटरी के समक्ष बेक डेट का बनाकर उसमे उसके फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी गिफ्ट डीड बनवाया है और श्री बाँके बिहारी इस्पात प्रा. लि. के शेयर के डायरेक्टरों से मिली भगत कर उक्त शेयर को जाली शेयर ट्रांसफर डीड के माध्यम से उसके फर्जी हस्ताक्षर कर अपने नाम से ट्रांसफर कराया है।

अजय अग्रवाल ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि प्रणव अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने कंपनी के डायरेक्टर पद का दुरूपयोग करते हुए उसे जारी किये गए 28 शेयर सर्टिफिकेट जो कि कुल 2 लाख 9 हजार 960 शेयर से संबंधित है को नष्ट हुआ बताकर उसकी जगह केवल 1 शेयर सर्टिफिकेट 20 अप्रैल 2024 को जारी कर हरबिलास अग्रवाल के इस षडयंत्र को अंजाम दिया है जो पूरी तरह से फर्जी, अवैध एवं षडयंत्रकारी है। अजय अग्रवाल की रिपोर्ट के बाद पूंजीपथरा पुलिसि हरबिलास अग्रवाल और उसके पुत्र आयुष अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल के खिलाफ धारा 420, 34 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज करते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है।

# एचआईव्ही,एड्स जागरूकता के लिए चलाया अभियान



**महासमुंद, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव तथा जिला नोडल अधिकारी एच.आई.व्ही एवं एड्स डॉ. विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले में इंटेंसिफाइड आई.ई.सी. कैम्पेन 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2025 तक किया गया। जिसमें एच.आई.व्ही., एड्स की रोकथाम के लिए वृहद प्रचार-प्रसार किया गया। जिसके तहत सभी विकासखण्डों में आईसीटीसी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें स्कूल एवं कॉलेज में छात्र-छात्राओं का उन्मुखीकरण किया गया, साथ ही रैली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैदानी स्तर पर मितानिन के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में एच.आई.व्ही., एड्स हेतु जागरूकता के लिए दीवार लेखन किए गए एवं वार्ड मोहल्ले में काउंसलर के द्वारा बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। सभी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा चयनित ग्रामों में घर-घर जाकर प्रचार प्रसार सामग्रियाँ वितरण की गई और एच.आई.व्ही, एड्स फैलने के कारण, बचाव के तरीके बताए गए साथ ही सभी को अपना एच.आई.व्ही की स्थिति का जांच करवाने को कहा गया।

इसके अलावा चयनित ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा के दिन एच.आइ.वीं, एड्स के साथ जी रहे लोगों को समाज में समान अधिकार दिलाने एवं भेदभाव दूर करने हेतु शपथ वाचन कराया गया, सभी विकासखण्डों में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संबंधित क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार, घर-घर जाकर पाम्पलेट वितरण किया गया, जिसमें एच.आई.व्ही, एड्स, टीबी, मलेरिया, हेपेटाइटिस, बीपी, शुगर, आदि की जानकारी दी गई। एच.आई.व्ही एक्ट 2017 के विषय में बताया गया एवं एच.आई.व्ही, एड्स की विस्तृत जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1097 की भी जानकारी कैम्प के माध्यम से दी गई।

# कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर निगरानी के लिए 16 जांच चौकियों पर कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**महासमुंद 18 अक्टूबर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन नीति निर्देशों के पालन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में धान की अवैध धान परिवहन को रोकने जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी है।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले की सीमाओं पर कुल 16 जांच चौकियों की स्थापना की जा रही है। ये जांच चौकियां 1 नवम्बर 2025 से धान उपार्जन अवधि समाप्त होने तक सक्रिय रहेंगी। जांच चौकियों के प्रभारी अधिकारी संबंधित तहसील के तहसीलदार होंगे। इन जांच चौकियों में राजस्व, कृषि उपज मंडी समिति, वन विभाग एवं जिला सेनानी के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित चौकियों पर पदस्थ कर्मचारी शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान परिवहन वाहनों की सघन जांच और निगरानी करेंगे। साथ ही कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर नियंत्रण रखने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल में सबंधित तहसील के उप वन मंडलाधिकारी, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक, मंडी सचिव व परिवहन निरीक्षक शामिल होंगे। जो संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के मार्गदर्शन में कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।सरायपाली एवं बागबाहरा में 5-5, जबकि बसना एवं पिथौरा में 3-3 अंतर्राज्यीय जांच चौकियां स्थापित की जाएगी। इन चौकियों पर संबंधित क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी एवं जांच की व्यवस्था की गई है। जिसमें सरायपाली तहसील अंतर्गत बंजारी जांच चौकी पर चिवराकुंट धान खरीदी केन्द्र की निगरानी की जाएगी। इसी प्रकार पालीडीह/सिरपुर जांच चौकी पर सिरबोड़ा, बलौदा व सेमलिया, पझरापाली जांच चौकी पर तोषगांव, जंगलबेड़ा जांच चौकी पर जंगलबेड़ा, तथा छिबर्रा घाट चौकी पर भोथलडीह धान खरीदी केन्द्र की निगरानी होगी। बसना क्षेत्र में पलसापाली जांच चौकी पर अंकोरी, केरामुड़ा/कुदारी बाहरा चौकी पर कुरचुंडी तथा साल्हेझरिया चौकी पर गढ़फुलझर धान खरीदी केन्द्र की निगरानी की जाएगी। पिथौरा क्षेत्र में कटंगतराई जांच चौकी पर सल्डीह, छोटेलोरम/लारीपुर चौकी पर जेराभरन एवं परसवानी, तथा चरोदा चौकी पर बेल्डीह, बुंदेली एवं सुखीपाली धान खरीदी केन्द्रों की जांच होगी। वहीं बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत टेमरी जांच चौकी पर पटपरपाली, नर्रा जांच चौकी पर कोमाखान एवं नर्रा, खेमड़ा जांच चौकी पर खेमड़ा, देवरी एवं बागघामुड़ा, खट्टी जांच चौकी पर कछारडी एवं कसेकेरा, तथा रेवा जांच चौकी पर मुनगाशेर धान खरीदी केन्द्र की सतर्क निगरानी की जाएगी।खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान ओडिशा एवं अन्य राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ के उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किए जाने की संभावना को देखते हुए शासन ने विशेष सतर्कता के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल 2026 तक अन्य राज्यों से धान का आयात केवल संचालक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुमति से ही किया जा सकेगा।

### ग्राम बेमचा में दी गई ई-हियरिंग एवं उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी

**महासमुंद, 18 अक्टूबर ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद द्वारा ग्राम बेमचा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण उपभोक्ताओं को ई-जागृति पोर्टल, ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग की सुविधा से अवगत तथा उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सभागृह में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष श्री गोपाल रंजन पाणिग्रही ने ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करने, ऑनलाइन सुनवाई (ई-हियरिंग) एवं उपभोक्ता न्याय व्यवस्था की डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी दी। सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर ने उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और भ्रामक प्रचार या ठगी से बचने का आग्रह किया।

# सुनील कुमार गौतम को मिला बेस्ट यंग लाइब्रेरीयन अवार्ड-2025

**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के केंद्रीय पुस्तकालय, माधव राव सप्रे एवं राजा राम मोहन रॉय लाइब्रेरी फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार श्स्ति.2025श् में बेस्ट यंग लाइब्रेरीयन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उन्होंने इस सम्मान से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर रायगढ़ जिले का मान बढ़ाया है। यह सम्मान उन्हें पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और डिजिटल तकनीक के समावेश के लिए प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय सेमिनार के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में पं0सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.के.सारस्वत एवं गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालयी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार शर्मा रहें। प्रथम सत्र में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, बीएचयू के प्रो.भास्कर मुखर्जी ने शोध कार्य में आर्टिफिशल इंटिलिजेंस की भूमिका के बारे में ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। सेमिनार के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में श्री गौतम ने शोध लेखन कार्य में हो रहे साहित्यिक चोरी विषय पे अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। सेमिनार के दूसरे दिन के समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ.एस.एल निराला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.ब्रजेश तिवारी रहें। समापन सत्र में कुलसचिव प्रो.तर्निश गौतम, सेमिनार की सयोंजिका डॉ.शालिनी शुक्ला, प्रो.एच.होता, प्रो.दुबे ने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए विषय विशेषज्ञों को सम्मानित किया। श्री गौतम ने बताया कि यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि पुस्तकालय विज्ञान विषय के जुड़े उन सभी युवाओं के लिए है जो ज्ञान के क्षेत्र में कुछ नया करना चाहते हैं।

# मनरेगा से साकार हुआ सपनों का आंगनबाड़ी केंद्र




**रायपुर, 18 अक्टूबर ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब केवल रोजगार का साधन ही नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास का मजबूत आधार बन गई है। इसी कड़ी में सरगुजा जिले के जनपद पंचायत उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी में नया आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनकर तैयार हुआ है। इस भवन के निर्माण से न केवल नौनिहालों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिला है, बल्कि ग्रामवासियों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व में एक छोटे किराए के भवन में संचालित होता था, जहां सीमित स्थान के कारण बच्चों को पढ़ाई और खेल-कूद में कठिनाई होती थी। अब 11.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह नया आंगनबाड़ी भवन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। निर्माण कार्य के दौरान 494 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में हुआ सुधारनव निर्मित आंगनबाड़ी भवन में हॉल, कार्यालय, रसोईघर और शौचालय जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। भवन की दीवारों पर अक्षर ज्ञान, शिक्षाप्रद चित्र और मनमोहक कार्टून उकेरे गए हैं, जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख रहे हैं। सहायिका ने बताया कि वर्तमान में केंद्र में 22 बच्चे पंजीकृत हैं और अब बच्चों की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंगनबाड़ी में नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हुआ है। साथ ही किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता और पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है तथा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पूरक पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है।जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा के तहत जिले में कुल 393 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनका निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के पोषण व शिक्षा स्तर को ऊंचा उठा रही है।

## निखरेंगी खेल प्रतिभाएं, खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बन रहे अत्याधुनिक स्टेडियम और खेल अकादमी



**जशपुरनगर 18 अक्टूबर ।** जशपुर जिला खेल प्रतिभाओं की भूमि के रूप में शुरूआत से ही जाना जाता रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर न केवल प्रदेश, बल्कि देश और विदेशों में भी जशपुर का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जशपुर की लोकसंस्कृति और यहां के खेलप्रेम से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में खेल अधोसंरचना के विकास के तहत आधुनिक स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण खेल आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए स्टेडियमों और खेल मैदानों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय को जन्म से ही तीरंदाजी में प्राकृतिक निपुणता प्राप्त होती है। इस पारंपरिक कौशल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से सन्ना में 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी का निर्माण किया जाएगा। इस अकादमी में लाइब्रेरी, मेडिकल सेंटर, नर्सरी, हर्बल प्लांटेशन, अत्याधुनिक ग्राउंड, चेंजिंग रूम, कोच रूम, उपकरण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, प्रशिक्षण कक्ष, वार्डन एवं गार्ड रूम जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उपकरण, परिवहन के लिए बस, हाईमास्ट लाइट जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

इसी तरह कुनकुरी में 63 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को भी मंजूरी मिल चुकी है। यह कॉम्प्लेक्स आधुनिक खेल ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें एथलेटिक्स ट्रैक एवं पवेलियन, बास्केटबॉल कोर्ट, कबड्डी और खो-खो मैदान, स्विमिंग पूल, ड्रेस चेंजिंग रूम, वॉलीबॉल ग्राउंड, जंपिंग गेम और खेल उपकरण शामिल होंगे। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री श्री साय के कार्यकाल में 2.83 करोड़ लागत के बगीचा में स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालित है। घोलेंग में फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि का चिन्हांकन किया गया है। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के पास 3.50 करोड़ लागत के बास्केट बाल कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है। रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाए जाने की घोषणा की गई है।नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्टेडियमों और खेल मैदानों के जीर्णोद्धार व निर्माण की निरंतर स्वीकृति दी जा रही है। मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और माण देशी फाउंडेशन द्वारा जिले में 20 आधुनिक खेल ग्राउंड विकसित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को ओलंपिक जैसे बड़े मंचों के लिए तैयार करना है। इसके लिए बेहतर ट्रेनिंग सुविधाएं, अनुभवी कोचिंग स्टाफ और अत्याधुनिक उपकरण खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

खेल प्रेमियों और आम नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने हमेशा खेलों को समाज और युवाओं के विकास का माध्यम माना है। उनकी प्राथमिकताओं में खेल सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों तक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना शामिल रहा है।

# जिले को मिले दो औद्योगिक पार्क



**धमतरी, 18 अक्टूबर ।** कभी सिर्फ अपनी हरियाली, जलस्रोतों और कृषि समृद्धि के लिए पहचाना जाने वाला धमतरी अब औद्योगिक क्रांति की नई पटकथा लिखने जा रहा है।

राज्य शासन के दूरदर्शी दृष्टिकोण और जिला प्रशासन की सक्रियता के परिणामस्वरूप आज धमतरी को दो नए औद्योगिक पार्क - जीजामगांव और श्यामतराई - की ऐतिहासिक सौगात मिली है।धमतरी की भौगोलिक स्थिति इसे एक स्वर्ण अवसरों वाला ज़िला बनाती है। राजधानी रायपुर और औद्योगिक नगर दुर्ग-भिलाई की नज़दीकी इसे निवेश के लिए प्राकृतिक पसंद बनाती है।अब जब जीजामगांव और श्यामतराई में उद्योगों के नए केंद्र आकार लेंगे,तो स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर भी उसी गति से बढ़ेंगे जैसे खेतों में फसलें उगती हैं। धमतरी जिले में एक मेगा फुड पार्क था। आज दो नये फुड पार्कों की सौगात मिली है। जीजामगांव और श्यामतराई। नये फुड पार्कों के ऑनलाइन होने के बाद कोई भी अप्लाई कर सकते हैं।

## एक नजर

### व्यक्तिगत हितग्राहीमूलक सर्वे के संबंध में ली गई वर्चुअल बैठक

**दंतेवाड़ा,18 अक्टूबर।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 7 जिलों में राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएइआर) द्वारा संपादित सर्वे के दौरान प्राप्त तथ्यों पर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री विकास शील द्वारा वर्चुअल बैठक ली गई। इन 7 जिलों में बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर,नारायणपुर, तथा मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी शामिल रहे। बैठक के दौरान राज्य और केंद्र शासन की व्यक्तिगत आधारित योजना तथा सामुदायिक योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र और राज्य शासन की मंशानुसार (एनसीएइआर) द्वारा संपादित सर्वे के दौरान प्राप्त तथ्यों को प्रमुखता में रखते हुए सभी जिले शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, कृषि ऊर्जा, कौशल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, राजस्व तथा अन्य मूलभूत सेवाओं का संबंधित हितग्राहियों का शत प्रतिशत संतृप्ति करना सुनिश्चित करें और इसके सुचारू क्रियान्वयन हेतु प्रभावी रणनीति बनाये। बैठक के दौरान उपरोक्त सभी जिलों के सर्वे सूचकांक आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए। जिसके संबंध में मुख्य सचिव ने आगामी बैठक में पुनः समीक्षा करने की आवश्यकता जताई। वर्चुअल बैठक में अन्य जिलों के कलेक्टरों के साथ-साथ जिले के कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने भी दंतेवाड़ा जिले से संबंधित सर्वे सूचकांकों के संबंध में जानकारी दी।

### किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़ा,18 अक्टूबर।** विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, दंतेवाड़ा में ÷किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम÷ के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन श्री पंकज बर्मन (प्रोग्राम ऑफिसर, बस्तर संभाग) द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान आगामी एक वर्ष के लिए जिला एक्शन प्लान तैयार किया गया। इस अवसर पर आरसीएच नोडल अधिकारी, जिला डाटा मैनेजर, डीपीएचएनओ, बीईटीओ, ब्लॉक डेटा मैनेजर, ब्लॉक मितानिन समन्वयक तथा परिवार नियोजन परामर्शदाता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ प्रियंका सक्सेना जिला नोडल अधिकारी एवं मैटरनल हेल्थ के द्वारा शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की तथा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### आवास पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत हितग्राहियों को शीघ्र आवास बनाने के लिए किया गया प्रोत्साहित

**दंतेवाड़ा,18 अक्टूबर।** विगत दिवस कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार रजत जयंती कार्यक्रम के तहत जिला दंतेवाड़ा जनपद गीदम ग्राम पंचायत बींजाम में आवास पखवाड़ा कार्यक्रम कर प्रथम किश्त प्राप्त व द्वितीय किस्त प्राप्त हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास समय सीमा में पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही स्व सहायता समूह की दीदियों को आवास पूर्णता के लिए सीएलएफ से लोन लेकर सेंट्रिंग प्लेट किराये पर देने व ईट निर्माण कार्य के लिए बढ़ावा दिया गया ताकि उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों से हितग्राहियों के आवास शीघ्र बन सके। इस दौरान मनरेगा योजना के क्यूआर कोड एवं जन मनरेगा एप की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्री पवन कर्मा ग्राम पंचायत सरपंच श्री महादेव नेताम व एपीओ सुश्री क्रांति ध्रुव उपस्थित थे।

### रस्साकशी में दुर्ग पालिटेक्निक प्रथम

**कांकेर,18 अक्टूबर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई के द्वारा आज राज्य स्तरीय एकीकृत क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर को रस्साकसी खेल के आयोजन की जिम्मेदारी मिली। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार संपन्न प्रतिस्पर्धा से अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने आयोजन समिति को बधाई दी। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी, पर्यवेक्षक, रैफरी सहित संस्था के सभी तकनीकी स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में हुई मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच का आदेश

**कांकेर,18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने थाना कांकेर क्षेत्रांतर्गत ग्राम छिंदखड़क के जंगल पहाड़ी में पुलिस फोर्स एवं नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश दिए हैं। जारी आदेशानुसार कांकेर थाना अंतर्गत 28 सितम्बर 2025 को ग्राम छिंदखड़क के जंगल पहाड़ी में पुलिस एवं नक्सलियों के मध्य मुठभेड़ हुई थी, जिसमें तीन अज्ञात नक्सली 02 पुरूष और 01 महिला माओवादी की मृत्यु हो गई थी। इसकी दण्डाधिकारी जांच किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मांग अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी कांकेर श्री अरूण कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को दण्डाधिकारी जांच के उपरांत निर्धारित 11 बिन्दुओं के आधार पर प्रतिवेदन तैयार कर 20 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

# कलेक्टर ने बाजार जाकर खरीदे मिट्टी की दीये,स्वदेशी उत्पाद व स्थानीय कारीगरों का बढ़ाया उत्साह



■ **पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजजा**

**बलौदाबाजार18 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को स्थानीय बाजार पहुंचकर स्थानीय कारीगरों से मिट्टी के दिये,ग्वालिन एवं धान की. बाली से निर्मित फरी खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस- पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल- चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी ली।बलौदाबाजार निवासी बुधराम पांडे ने बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है। नगर पालिका के द्वारा भी किसी प्रकार का टेक्स नहीं लिया जा रहा है। लोगों में भी उत्साह है। इस मौके पर कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि मिट्टी के दीये पूरी तरह से प्राकृतिक, पर्यावरण के लिए सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प है। मिट्टी के दीयों में एक अद्वितीय और पारंपरिक आकर्षण होता है। उनकी मंद और सुनहरी लौ हमारे त्योहारों की वास्तविक और गहरी भावना को दर्शाती है। वे हमारे सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति का प्रतीक हैं।?जब आप मिट्टी का दीया खरीदते हैं तो आप सीधे तौर पर हमारे कुम्हारो और छोटे कारीगरों के परिवारों की मदद करते हैं। यह उन्हें अपनी कला और आजीविका को बनाए रखने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस दीपावली मिट्टी के दीये खरीदें और उनकी रोशनी से अपने पर्व को और भी खास, पर्यावरण-अनुकूल और सार्थक बनाएं।विदेशी इन वस्तुओं के स्थान पर हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा रहे स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें जिससे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने बताया कि स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पाद बेचने के लिए शहर में व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की टैक्स न लेने नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। पटाखा दुकानों का निरीक्षण- कलेक्टर श्री सोनी ने इसके पश्चात् दशहरा मैदान में लगे पटाखा दुकान का निरीक्षण किया।उन्होंने दुकानदारों से सुरक्षा मनको का पालन करने, अपने सामानो की सुरक्षा करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर कंट्रोल रूम, सम्पर्क केन्द्र एवं समाधान सेल के नंबर पर संपर्क करने कहा। उन्होंने डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने भी कहा। इसके साथ ही अधिकारियो को बिजली वायरिंग सहित अन्य सुरक्षा पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम प्रकाश कोरी, एसडीओपी निधि नाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

# धान की फसल में ड्रोन से जैव उर्वरक व कीटनाशक के छिड़काव का प्रदर्शन किया

**कांकेर, 18 अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर कृषि के क्षेत्र में नवाचार की दृष्टि से आधुनिक तकनीक से खेती को सरल, सुरक्षित और लाभकारी बनाने की दिशा में कृषि विभाग भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम रानीडोंगरी में धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ड्रोन द्वारा फसलों में तरल जैव उर्वरक कीटनाशक खरपतवार नाशक एवं रोगनाशक छिड़काव की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया तथा इसके संचालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।



प्रशिक्षण सह ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह कोमरा ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक खेती के युग मे ड्रोन तकनीक से खेती लाभदायक है। ड्रोन तकनीक से कम समय, कम लागत और कम श्रम में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव है, इससे किसानों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा खेती में ड्रोन तकनीक आज के समय की मांग है। किसान भाई फसलों में तरल जैव उर्वरक नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं फसलो में लगने वाले कीट बीमारी नींदानाशक रसायनों का छिड़काव के लिए ड्रोन से स्प्रेयर भविष्य की खेती के लिए अच्छा विकल्प साबित होगा।

ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम में ग्राम रानीडोंगरी के किसानों ने इस नवाचारपूर्ण तकनीक में विशेष रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से प्रशिक्षण तथा ड्रोन से दवा छिड़काव प्रदर्शन में भाग लिया। किसानों ने कहा कि ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य अधिक आसान और समयबद्ध होंगे। ड्रोन तकनीक के इस सफल प्रदर्शन ने साबित किया है। फसलों में दवा छिड़काव का जीवांत प्रदर्शन कर खेती किसानी में फसलो में नवाचारों के तहत ड्रोन का समावेश किसानों की कृषि लागत कम करने, आय वृद्धि और कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ड्रोन से दवा कीटनाशक रोगनाशक खरपतवार नाशक छिड़काव करने प्रति एकड़ दस मिनट का समय लगता है तथा प्रति एकड़ दवा छिड़काव का खर्चा पांच सौ तक आता है। ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच, पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने चलाया जांच अभियान



**बलौदाबाजार18 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय सोनी द्वारा गुरुवार को दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले के कई प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुलाब जामुन सेव पापड़ी का कुल 95 नमूना लेकर मौके पर परीक्षण किया गया एवं दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार में अमानक पाये गये 2 किलो ग्राम मिल्क केक को मौके पर नष्ट कराया गया। निरीक्षण टीम द्वारा आशु किराना स्टोर्स कसडोल, जायसवाल किराना कटगी, शिवांश मार्केटिंग कसडोल, प्रेम प्रकाश फूड्स भाटापारा, दुर्गा पल्सेंस भाटापारा से गुलाब जामुन मिक्स, मैदा, चना बेसन, सूजी, खाद्य तेल, घी, दाल, पोहा का नमूना संकलन कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर परीक्षण हेतु भेजा गया है। इसी तरह चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से मनमीत स्वीट्स बलौदाबाजार, दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार, नीलकमल स्वीट्स बलौदाबाजार, रूपड़ा स्वीटस बलौदाबाजार, यादव होटल भाटापारा, साहू होटल भाटापारा, शहजादा डेली निड्स भाटापारा, शिफा बिरयानी सेंटर भाटापारा फर्मो का निरीक्षण कर बेसन लडडू, बुन्दी लड्डू, बादाम पेड़ा, कलाकंद, मिल्क केक, काजू कतली, गुलाब जामुन सेव पापड़ी का कुल 95 नमूना लेकर मौके पर परीक्षण किया गया एवं दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार में अमानक पाये गये 2 किलो ग्राम मिल्क केक को मौके पर नष्ट कराया गया। निरीक्षण के दौरान होटल व रेस्टोरेंट, मिष्ठान्न भंडारो के खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सामग्रियों को ढ़ककर रखने, खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का का उपयोग नहीं करने साथ ही साथ किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थों जिसमें निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने, अखबारी स्याही युक्त कागज में खाद्य पदार्थ नही परोसने हेतु निर्देशित किया गया है।

### मानपुर स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी सुविधा शुरू

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मानपुर में सफलतापूर्वक सिजेरियन डिलीवरी की गई। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मानपुर स्वास्थ्य केन्द्र में सिजेरियन डिलीवरी शुरू होने जाने अब इस इलाके की गर्भवती माताओं को सिजेरियन ऑपरेशन के लिए 100 किलोमीटर दूर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज तक नहीं जाना पड़ेगा। ग्राम मानपुर की श्रीमती शशि परतेती एवं विकासखंड मोहला के ग्राम गिधाली की श्रीमती राजेश्वरी सलामे का सफल ऑपरेशन किया गया। दोनों माताएँ एवं शिशु पूर्णतः स्वस्थ हैं। इस उल्लेखनीय सफलता में डॉ. अरविंद बनकर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. दिलीप किशोर शर्मा (निश्चेतना विशेषज्ञ), डॉ. सुजाता किशोर शर्मा (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. सीमा ठाकुर (चिकित्सा अधिकारी), डॉ. गिरीश खोब्रागढ़े (खंड चिकित्सा अधिकारी) तथा संपूर्ण चिकित्सा दल का सराहनीय योगदान रहा। पूर्व में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन डिलीवरी हेतु राजनांदगांव जाना पड़ता था।

## बाजार में स्व सहायता समूह की महिलाओं की दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी

**रायपुर,18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में शासन के द्वारा सभी के विकास के लिए नीतियों का निर्माण कर समावेशी विकास का प्रयास मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें मानव संसाधन में आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्वाभिमानपूर्वक जीवन जीने के लिए हौसला देने की भूमिका दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान निभा रही हैं। इस दीपावली पर ऐसी ही मिशाल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की महिलाओं ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। जहां ग्रामीण महिलाओं ने बिहान के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकती हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर महिला स्व-सहायता समूहों ने दीपावली के पारंपरिक पर्व को अवसर में बदल दिया है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के जहां ग्राम केवट टोला, मोहला और भोजटोला की निवासी महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों के साथ अपने पारंपरिक ज्ञान और रचनात्मकता का उपयोग करते हुए दीपावली के उपयोगी वस्तुओं का उत्पाद कर रही हैं। समूह की महिलाए रंगोली पाउडर, रुई की बाती, लक्ष्मी माता की मिट्टी से बनी मूर्तियाँ, अगरबत्ती, मिट्टी के दीये और मटके साथ ही पारंपरिक साड़ियाँ और मनिहारी सामग्री जैसे उत्पाद अपने ही हाथों से तैयार किए। महिलाओं ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और पारंपरिकता पर विशेष ध्यान दिया, ताकि बाजार में उन्हें अच्छी मांग मिल सके। त्यौहार के पहले ही सप्ताह से इन महिलाओं ने मोहला के साप्ताहिक बाजार में दुकानें लगाई, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया, जहां उन्हें आवश्यक उत्पाद उचित मूल्य पर प्राप्त हुए। ग्राहकों को यह हस्तनिर्मित वस्तुएं बहुत पसंद आई और सभी ने इनकी सराहना की, जिससे महिलाओं का मनोबल बढ़ा है।

## बालिका सशक्तिकरण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कांकेर, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में चारामा परियोजना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरी में बालिका सशक्तिकरण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेंटल हेल्थ एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चिरायु टीम के द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के जेंडर विशेषज्ञ खुलेश साहू के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हेल्पलाइन नंबर 1091, 181, 1073, 108, 101, 102, 1930, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम योजना, महिला कोष आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। ` परियोजना अधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, गुड टच बेड टच, मासिक धर्म स्वच्छता, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी व शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिवंगत कोटवार भूधरदास की पत्नी को सिर्फ 20 दिनों में मिली कोटवारी की जिम्मेदारी

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय का एक अनुकरणीय उदाहरण कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा तहसील में देखने को मिला। ग्राम दनियाखुर्द (बनिया) के कोटवार स्व. भूधरदास के आकस्मिक निधन के बाद जब ग्रामवासियों में गहरा शोक व्याप्त था, तब जिला प्रशासन ने दिवंगत के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए मात्र 20 दिनों के भीतर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बासन बाई को कोटवारी की जिम्मेदारी सौंप दी। स्व. भूधरदास वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से ग्राम में कोटवार के रूप में कार्यरत रहे। उनके निधन के पश्चात श्रीमती बासन बाई ने कोटवारी की जिम्मेदारी ग्रहण करने करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही प्रशासन ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रिकॉर्ड समय में संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की। एसडीएम सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन में कार्यवाही प्रारंभ की गई और नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कोटवार नियुक्ति की संपूर्ण प्रक्रिया मात्र 20 दिनों में पूर्ण कर ली गई। इसके बाद एसडीएम सहसपुर लोहारा ने श्रीमती बासन बाई को ग्राम दनियाखुर्द (बनिया) की नई कोटवार के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया।इस अवसर पर एसडीएम ने नवनियुक्त कोटवार श्रीमती बासन बाई को निष्ठा और ईमानदारी तथा जनसेवा की भावना से कार्य निर्वहन करने की शुभकामनाएँ दीं। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन के इस त्वरित निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम प्रशासन की मानवता-प्रधान कार्यशैली का सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल भूधरदास के परिवार को संबल मिला है, बल्कि प्रशासन के प्रति ग्रामीणों का विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है। इस अवसर पर तहसील कोटवार संघ सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष श्री सरोज दास मानिकपुरी सहित समस्त पदाधिकारी, तहसील कार्यालय के कर्मचारी, ग्राम दनियाखुर्द के ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए

**कांकेर, 18 अक्टूबर।** आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनज़र कलेक्टर के आदेशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं त्यौहार के अवसर पर मानव उपभोग हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण के निर्देश दिए गए। सभी प्रतिष्ठानों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वच्छ परिवेश में मिठाई एवं नमकीन तैयार करने हेतु हिदायत दी गई। इस दौरान विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों से कुल 09 मिठाई एवं नमकीन के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं। तीन प्रतिष्ठानों को अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब तक जिले के समस्त ब्लॉकों से कुल 30 खाद्य नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु प्रेषित किए जा चुके हैं। वहीं, चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं एवं किराना दुकानों से 128 खाद्य नमूने लिए गए। मौके पर प्रारंभिक जांच में अमानक पाए गए खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान मिठाइयों की पैकिंग में अखबारी कागज का उपयोग करते पाए जाने पर तत्काल उसे नष्ट करवाया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व पर मिठाइयाँ खरीदते समय रंग युक्त मिठाइयों से बचें एवं पैक्ड खाद्य सामग्री की मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें। संपूर्ण कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुस्मित देवांगन, श्री भारत भूषण पटेल एवं खाद्य निरीक्षक श्री उमेश सिन्हा की संयुक्त टीम उपस्थित रही।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर छत्तीसगढ़**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा क्र. 84/ नि.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां./ खण्ड,** रायपुर, दिनांक 16.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सं. क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम तुता नवा रायपुर में दिनांक 01.11.2025 से 05.11.2025 तक आयोजित राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं अलंकरण समारोह 2025 में पेजयल व्यवस्था हेतु स्टैण्ड पोस्ट, नाली निर्माण, जी.आई. स्पेशल्स, मजूदरी व्यय कार्य। | 4.75 |
| 2 | ग्राम तुता नवा रायपुर में दिनांक 31.10.2025 से 01.11.2025 तक आयोजित राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं अलंकरण समारोह 2025 में पेजयल व्यवस्था हेतु पानी पाउच, जार, बॉटल, ड्रम, डिस्पोजल, वाहन, टी-शर्ट, कैप, परिवहन, मजदूरी व्यय, लोडिंग, अनलोडिंग एवं वितरण का कार्य। | 15.49 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.10.2025 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**

जी-252604277/4



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र. 202509095200009 -ब/ 121 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार यादव पिता बहल यादव जाति यादव सा. पिपरखारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री कुमारी माही का जन्म दिनांक 16.01.2011 को ग्राम पिपरखारखुर्द में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

# टाटीबंध में थार से मिली युवक की सड़ी-गली अर्धनग्न लाश

## शव 2-3 दिन पुराना, बदबू आई तो राहगीर ने देखा



**रायपुर, 18 अक्टूबर।** रायपुर के टाटीबंध में शुक्रवार शाम को एक ब्लैक थार के भीतर से 2-3 दिन पुरानी सड़ी-गली अर्धनग्न लाश मिली है। बताया जा रहा है कि रालास महिंद्रा शोरूम के सामने सर्विस रोड पर थार खड़ी थी। राहगीर को बदबू आने पर लाश की जानकारी मिली। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक रालास महिंद्रा शोरूम के सामने सर्विस रोड से एक व्यक्ति गुजर रहा था, तभी उसे बदबू आई। उसने थार के अंदर झांककर देखा तो लाश पड़ी थी। राहगीर ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लाश को बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

दरअसल, करीब 15 दिन पहले थार वाहन क्रमांक छ्त्त 04 क्क्ङ 6888 का भिलाई-3 के पास एक्सीडेंट हुआ था, जिसके बाद गाड़ी को खींचकर रालास महिंद्रा शोरूम टाटीबंध के सामने छोड़ दिया गया था। गाड़ी शोरूम के सामने सर्विस रोड पर खड़ी थी। इसकी खिड़की लॉक नहीं थी।

शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे के करीब एक राहगीर जब वहां से गुजर रहा था। उसे गाड़ी से तेज दुर्गंध महसूस हुई। शक होने पर उसने खिड़की से भीतर झांका तो पिछली सीट पर एक युवक की सड़ी हुई लाश पड़ी थी। उसने तुरंत आमानाका पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने वाहन को सील कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेज दिया है। आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट खंगाली जा रही है। फोरेंसिक टीम ने गाड़ी से सैंपल्स लिए हैं जो लैब भेजे जाएंगे।

## बाइक विवाद के चलते मारपीट और दबाव से परेशान युवक ने किया सुसाइड

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** बीरगांव में एक कामकाजी युवक की दुपहिया दूसरी बाइक से टकराई तो उसे युवकों ने घेर लिया और मारपीट करके उसकी दुपहिया जब्त कर ली गई. दबाव बनाया गया कि वह क्षतिग्रस्त दुपहिया को बनाकर दे, तभी उसकी गाड़ी उसे लौटाई जाएगी. इससे परेशान युवक ने शाम को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक राहुल विश्वकर्मा 20 वर्ष मठपारा बीरगांव निवासी था. एएसपी सिटी लखन पटले पवार ने बताया कि राहुल गुरुवार को अपने किसी साथी की बाइक लेकर शुक्रवारी बाजार गया था. वहां उसकी बाइक की किसी दूसरी बाइक से टक्कर हो गई. हालांकि दोनों दुपहिया क्षतिग्रस्त हुई लेकिन तीन-चार युवकों ने उसे घेरकर पीटा और राहुल की बाइक को जब्त करके ले गए.

**चाकू मारने की भी दे रहे थे धमकी, रिपोर्ट :** रिपोर्ट है कि बाइक मरम्मत के लिए युवकों द्वारा 20 हजार की मांग करते हुए उसे धमकाया जा रहा था. बाइक भी नहीं लौटाई जा रही थी. आरोप है कि बाइक जब्त करने वाले चाकू मारने, परिवार के लोगों से मारपीट करने की भी धमकियां दे रहे थे. इससे परेशान होकर राहुल ने फांसी लगाई है.

**बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद एफआईआर दर्ज:** राहुल के साथियों और मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया कि धमकी व मारपीट से परेशान होकर राहुल ने खुदकुशी की है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करके मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की. इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार शाम को एफआईआर दर्ज की. एएसपी सिटी रायपुर लखन पटले पवार ने बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. प्रताड़ना का जुर्म दर्ज कर लिया गया है. जल्द ही अन्य आरोपी भी गिरफ्त में होंगे.

## शिक्षा-सचिव का एफिडेविड देख हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**बिलासपुर, 18 अक्टूबर।** हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्री-प्राइमरी और नर्सरी स्कूलों की मान्यता से जुड़ी जनहित याचिका पर एक बार फिर से कड़ी नाराजगी जताई। शिक्षा सचिव ने अपने शपथपत्र में ऐसे स्कूलों की मान्यता के लिए बनाए गए सर्कुलर वापस लेने पर स्पष्ट कारण नहीं बताया। जिस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए उन्हें नया शपथपत्र के साथ विस्तृत जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद होगी। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव के जवाब को असंतोषजनक बताते हुए कहा कि अगर सर्कुलर वापस लेने से छात्रों की पढ़ाई या भविष्य पर कोई विपरीत असर पड़ता है, तो राज्य सरकार नियमों के विपरीत स्कूल चलाने वाले जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई तय करे। साथ ही कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द नए नियम बनाकर हाईकोर्ट को सूचना दे। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि आखिर उसने जनवरी 2013 के उस सर्कुलर को क्यों वापस ले लिया, जो बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई का आधार था।








## 2 दिन मौसम ड्राई, फिर दक्षिण-मध्य हिस्से में होगी बारिश

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा। इस दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 12 घंटों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभव है, जिससे शाम के समय हल्की ठंड महसूस हो सकती है। हालांकि, 20 अक्टूबर से दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तपमान 32.2एष्ट जगदलपुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.4एष्ट अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। आज प्रदेश में कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। अधिकतर जगहों पर मौसम साफ है। आज प्रदेश में कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। अधिकतर जगहों पर मौसम साफ है।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26